वर्ष : 17 ❖ अंक : 59 ❖ पृष्ठ : 08 ❖ मूल्य : ₹ 3.00 ❖ आरएनआई सं. SIKHIN/2006/17890 ❖ www.anugamini.com

सिक्किम से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक

# अनुगामिनी

गंगटोक
शुक्रवार, 30 सितम्बर 2022

पीएफआई को भरना होगा 5.2 करोड़ का जुर्माना : केरल हाईकोर्ट 8
दिल्ली में शिक्षा क्रांति से बच्चों का बढ़ा आत्मविश्वास : सिसोदिया 3

भाइचुंग ने एसकेएम सरकार को घेरा

## कहा- राष्ट्रीय खेलों में सिक्किम के केवल छह खिलाड़ियों का शामिल होना शर्मनाक

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 29 सितम्बर । हाम्रो सिक्किम पार्टी (एचएसपी) के अध्यक्ष भाइचुंग भूटिया ने राज्य के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांगग (गोले) के नेतृत्व वाली एसकेएम सरकार पर नये सिरे से हमला बोलते हुए कई सवाल खड़े किये हैं। भूटिया ने गुजरात में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय खेलों में राज्य के महज 6 खिलाड़ियों के दल के शामिल होने, आशाकर्मियों की वेतन वृद्धि, राज्य की खस्ताहाल सड़कों एवं बढ़ते अपराधों को लेकर सरकार को घेरा है।

एचएसपी अध्यक्ष द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार गुजरात में आयोजित हो रहे 36वें राष्ट्रीय खेलों में जहां असम से 272 और मणिपुर से 279 खिलाड़ियों के दल ने शिरकत की है, वहीं सिक्किम से महज 6 खिलाड़ी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शिरकत करने गये हैं। यह बड़े ही शर्म की बात है कि राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व हेतु राज्य में केवल 6 खिलाड़ी ही हैं। वहीं जब मुख्यमंत्री एवं उनके अधिकारियों एवं विधायकों की राजनीतिक यात्राओं की बात आती है तो उनके नेतृत्व में भारी-भरकम लोगों का दल मौजूद रहता है। यह सभी कुछ आम नागरिकों के पैसे से अपना चेहरा चमकाने के अलावा और कुछ नहीं है।

भूटिया ने कहा कि कल ही मुख्यमंत्री ने आशा कर्मियों के वेतन में संशोधन करते हुए उन्हें प्रति माह 10,000 रुपए देने की घोषणा की है। लेकिन मुख्यमंत्री पहले ही स्वयं राज्य में न्यूनतम वेतन 15,000 रुपए करने की घोषणा कर चुके हैं। ऐसे में जब राज्य सरकार ही इस न्यूनतम वेतन फैसले को नहीं मान रही है, तो निजी कम्पनियां इसे कैसे स्वीकार करेंगी। सरकार को अवश्य ही न्यूनतम वेतन नीति को कड़ाई से लागू करना चाहिए।

वहीं राज्य की बदहाल सड़कों के बारे में भूटिया का कहना है कि केवल उनकी पार्टी ने ही केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय को पत्र लिखकर सिक्किम की जीवन रेखा एनएच-10 की मरम्मत हेतु कदम उठाने की मांग की है। इसके अलावा उनकी पार्टी ने ही राज्य की बदहाल सड़कों की स्थिति सुधारने की दिशा में 'सिक्किम को बेहतर सड़क की जरूरत है' अभियान शुरू किया है जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसे देख कर ही बीते बुधवार को मुख्यमंत्री ने राज्य की बदहाल सड़कों के बारे में बयान दिया है।

उनके अनुसार मुख्यमंत्री सड़कों की मरम्मत न होने के पीछे कोविड-19 का बहाना बना रहे हैं, जबकि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितीन गडकरी पहले ही कह चुके हैं कि कोविड के समय में ही राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में काफी तेजी आयी थी। उन्होंने मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि सरकार ने 51 सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है जो टेंडर प्रक्रिया के स्तर पर हैं। मेरा यह सवाल है कि गोले पिछले करीब चार सालों से सत्ता में है। ऐसे में वे इस मुद्दे पर अब क्यों जागे हैं?



इसके अलावा राज्य में बढ़ते अपराधों एवं बाल यौन हिंसा पर सवाल उठाते हुए भूटिया ने कहा कि राज्य में स्थिति सुधरने की बजाय और खराब हो रही है। केवल इसी महीने में अब तक 9 पोक्सो मामले सामने आ चुके हैं।

राज्य में जब बच्चों की सुरक्षा ही नहीं है तब ऐसे सरकार के होने का क्या लाभ है? भूटिया के अनुसार यह स्पष्ट हो गया है कि एसकेएम सरकार राज्य में वह परिवर्तन नहीं ला पायी है, जिसकी उम्मीद राज्यवासियों ने की थी। ऐसे में सिक्किम को एक सच्चे विकल्प की आवश्यकता है।

## सीएसआईआर थेमेटिक रीजनल सेंटर स्थापित करने की पहल शुरु



### कृषि मंत्री ने की हिमाचल के सीएसआईआर व आईएचबीटी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 29 सितम्बर । सिक्किम के कृषि, बागवानी एवं पशुपालन मंत्री लोक नाथ शर्मा ने सिक्किम में प्रस्तावित सीएसआईआर थेमेटिक रीजनल सेंटर स्थापित करने को लेकर पालमपुर, हिमाचल प्रदेश के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक शोध परिषद (सीएसआईआर)-हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी संस्थान (आईएचबीटी) के प्रतिनिधिदल के साथ एक समन्वय बैठक की। गौरतलब है कि इसी वर्ष 17 फरवरी सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर के निदेशक डॉ. संजय कुमार, वरिष्ठ मुख्य वैज्ञानिक डॉ. राम कुमार शर्मा, वैज्ञानिक डॉ. रक्षक कुमार और डॉ. विद्याशंकर श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुए समझौते के बाद आज यह बैठक की गयी है।

इस बैठक में सिक्किम सरकार की ओर से कृषि सचिव जेडी भूटिया, प्रधान बागवानी निदेशक एसके तामंग, प्रधान कृषि निदेशक तिलक गजमेर, पाकिम एनआरसी निदेशक डॉ. रामपाल, संयुक्त आईसीएआर निदेशक डॉ. रामगोपाल लाहा, बागवानी निदेशक एमके सुब्बा, विज्ञान व तकनीकी निदेशक डीटी भूटिया, अतिरिक्त बागवानी निदेशक बीएल दहाल, वरि. प्रोफेसर डॉ. शांति एस. शर्मा, सिक्किम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर लक्ष्मण शर्मा ( शेष पृष्ठ ०३ पर )

## मुख्यमंत्री लाभान्वितों को दी आर्थिक अनुदान

**अनुगामनी का.सं.**

गंगटोक, 29 सितम्बर । सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले) ने आज स्थानीय सम्मान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम राहत कोष एवं सीएमडीजी के तहत कई लाभान्वितों में आर्थिक अनुदान राशि का वितरण किया।

इस दौरान विद्यार्थियों, उद्यमियों, एनजीओ, स्कूलों तथा कई अन्य क्षेत्रों के कुल 156 लोगों को यह अनुदान दिया गया। इसके साथ ही आवास विकास, मरम्मत, सुअर पालन, होमस्टे निर्माण, स्वयंसेवी समूहों एवं अन्य लोगों में भी राशि का वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि सरकार गठन के बाद से ही हम नियमित रूप से आमलोगों को उनकी बेहतरी हेतु सीएमडीसी और सीएमआरएफ के तहत आर्थिक सहायता मुहैया कराते आ रहे हैं। उन्होंने कहा, इन लाभान्वितों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों की भी मदद की जा रही है।



इसके साथ ही उन्होंने सभी लाभान्वितों से इस राशि का निश्चित कार्य के लिए ही उपयोग करने का आग्रह किया। इससे पहले सिक्किम स्टेट बैंक की ओर से मुख्यमंत्री को डिविडेंड राशि का चेक सौंपा गया। इस पर मुख्यमंत्री ने एसबीएस के प्रति आभार व्यक्त किया।

## वैश्विक नेपाली भाषी क्रिश्चियन नेताओं के सम्मेलन को लेकर तैयारी बैठक संपन्न

**अनुगामनी का.सं.**

गंगटोक, 29 सितम्बर । यहां पर सिक्किम की मेजबानी में इसी वर्ष 1 से 3 नवम्बर को राजधानी गंगटोक में तीसरे वैश्विक नेपाली भाषी क्रिश्चियन नेताओं का सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। वैश्विक नेपाली भाषी क्रिश्चियन फेलोशिप (जीएनएससीएफ) के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में सिक्किम के चर्चों की भी सहयोगिता रहेगी। इस सम्मेलन में विश्व के 20 से अधिक देशों से करीब 1000 प्रतिनिधियों के आने की संभावना है।

इस सम्मेलन के आयोजन की तैयारियों को लेकर ही आज स्थानीय एक होटल में आयोजन समिति की तीसरी बैठक हुई। इसमें मंत्री एलएन शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव जैकब खालिंग, सिक्किम कल्याण आयोग के अध्यक्ष नीम छिरिंग लेख्रचा, आईटी अध्यक्ष नवराज गुरूंग के अलावा जीएनएससीएफ की केंद्रीय कार्यकारी कमिटी के सदस्य एवं राज्य के विभिन्न चर्चों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

इस दौरान विभिन्न उप-समितियों के संयोजकों ने अपनी तैयारी कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। वहीं बैठक में विभिन्न एजेंडों पर विस्तृत विचार-विमर्श के बाद आयोजन समिति में और अधिक सदस्यों को शामिल कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा बैठक में मंत्री एलएन शर्मा, विधायक जीटी ढुंगेल, सीएम के राजनीतिक सचिव जैकब खालिंग, एसडब्ल्यूसी चेयरमैन नीम छिरिंग लेख्रचा तथा आईटी अध्यक्ष नवराज गुरूंग को आयोजन समिति का पैट्रन तथा एल्ड पारटस गुरुंग को अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर मंत्री ने सभी चर्चों के प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित करते हुए राज्य में इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु आपस में मिलकर कार्य करने का आग्रह किया। वहीं राजनीतिक सचिव जैबल खालिंग ने इस महत्वपूर्ण सम्मेलन की सफलता हेतु सभी से पूरी तन्मयता के साथ सम्मिलित रूप से कार्य करने को कहा।

वहीं बैठक के दौरान जीएनएससीएफ उपाध्यक्ष रेव दावा भूटिया ने बताया कि संगठन की शुरुआत 2016 में हुई थी और यह वैश्विक स्तर पर नेपाली भाषी क्रिश्चियन नेताओं का नेटवर्क तैयार करने का एक आंदोलन है। वर्तमान में इससे विश्व के 40 देश जुड़े हैं। उल्लेखनीय है कि पहली बार यह सम्मेलन 2017 में सिलीगुड़ी में और उसके बाद नेपाल के काठमांडू में आयोजित किया गया था।

## मंत्री लामा ने अलॉटमेंट आर्डर व चेक का किया वितरण

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 29 सितम्बर । राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री सह संघ विधानसभा के विधायक सोनम लामा 27 तारीख को स्थानीय जिला कांफ्रेंस हॉल में राज्य के कई बौद्ध संन्यासियों को आवास विकास एवं जीसीआई शीट्स अलॉटमेंट ऑर्डर के चेकों का वितरण किया। इस अवसर पर विभाग के प्रधान सचिव सीएस राव तथा गंगटोक विकास एडीसी श्रीमती राधा प्रधान के अलावा जिला योजना अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।




एडीसी विकास श्रीमती राधा प्रधान ने यहां बताया कि राज्य के जरूरतमंद लोगों की सहायता हेतु आवास विकास एवं जीसीआई शीट्स अलॉटमेंट ऑर्डर वितरण सरकार की प्रमुख योजना में शुमार है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में आरडीडी मंत्री लामा के हाथों से विभिन्न गुम्पाओं के 20 संन्यासियों को इस योजना के चेक का वितरण किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दशहरा के बाद बाकी बचे लाभान्वितों में भी चेकों का वितरण किया जायेगा। वहीं कार्यक्रम में सभी लाभान्वितों ने इस पहल हेतु मुख्यमंत्री एवं विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।



## पीएम मोदी नवरात्रि कार्यक्रम में हुए शामिल, की मां अम्बे की आरती



अहमदाबाद, 29 सितम्बर (एजेन्सी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरुवार रात यहां जीएमडीसी मैदान में गुजरात सरकार द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव में भाग लिया और मां अम्बे की आरती की।

गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आए मोदी के साथ राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी थे। मोदी ने कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक गरबा नृत्य भी देखा। उन्होंने वहां मौजूद कुछ लोगों से बातचीत की और उन्हें अपने साथ सेल्फी लेने का मौका दिया।

## सैन्य अधिकारियों ने कहा, नए सीडीएस के फर्जी ट्विटर हैंडल से रहें सावधान

कोलकाता, 29 सितम्बर (एजेन्सी)। लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान को बुधवार को भारत का चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किए जाने के तुरंत बाद एक फर्जी ट्विटर हैंडल 'एटदरेट जनरल अनिल चौहान' बनाया गया। दिग्गजों, जिनमें लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. ढिल्लों (सेवानिवृत्त) ने इस हैंडल का पालन करने के खिलाफ चेतावनी दी है।

अपने विशाल व्यक्तित्व और टाइनी ढिल्लों के नाम से मशहूर ढिल्लों ने कहा, यह देश के दुश्मनों ने चलाया होगा। इसको फॉलो न करें .. रिपोर्ट करें। जय हिंद। लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों (सेवानिवृत्त) रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के तहत एकीकृत रक्षा स्टाफ के उप प्रमुख (खुफिया) थे। फर्जी ट्विटर हैंडल का मकसद स्पष्ट रूप से विवादास्पद बयान पोस्ट करके राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर ट्विटर पर भ्रमित करने का एक प्रयास है। पूरी संभावना है कि यह सोशल मीडिया पर सक्रिय पाकिस्तानी बॉट्स की करतूत है।

उन्होंने कहा, भाषा भी संकेत कर रही है, क्योंकि यह उस तरह की अंग्रेजी है, जिसे हम पाकिस्तानी क्रिकेटरों से सुनने के आदी हैं।

दरअसल, ट्विटर पर लेफ्टिनेंट जनरल चौहान की डीपी के साथ किए गए पोस्ट में लिखा गया है, 'भारत के अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में नियुक्त करने के लिए धन्यवाद। भारतीय रक्षा को नई ऊर्जा व गति देने और देश के कल्याण के लिए हमेशा काम करेंगे।'

एक अन्य अनुभवी ने कहा, भारत के नए सीडीएस की नियुक्ति पर रक्षा मंत्रालय की ओर से प्रेस विज्ञप्ति भी है। यह दयनीय है कि पाकिस्तान को यह भी एहसास नहीं है कि भारतीय सैन्य अधिकारी ऐसी व्याकरण संबंधी त्रुटियां नहीं करते हैं।

एक सेवारत अधिकारी ने कहा कि मामले की रिपोर्ट पहले ही की जा चुकी है और ट्विटर को ऐसे फर्जी हैंडल से बहुत सावधान रहने की जरूरत है जो राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं। सीडीएस के प्राथमिक कार्यो में से एक सशस्त्र बलों और सरकार के बीच संपर्क बनाए रखना है। कोई भी फर्जी टिप्पणी पूरे देश में परेशानी और अशांति पैदा कर सकती है।

उन्होंने कहा, 'हमने दुबई में एशिया कप के दौरान भारत पाकिस्तान क्रिकेट मैच के बाद इसे देखा। भारत के मैच हारने के बाद भारतीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह को कथित तौर पर ट्विटर द्वारा ट्रोल किया गया था। यह पता चला कि पाकिस्तानी बॉट्स इसमें शामिल थे। अर्शदीप सिंह के विकिपीडिया विवरण के साथ भी पाकिस्तानी हैकर्स ने छेड़छाड़ की थी। सौभाग्य से, भारत सरकार ने तेजी से प्रतिक्रिया व्यक्त की और भारत में हिंदुओं और सिखों के बीच विभाजन पैदा करने के इस प्रयास को विफल कर दिया।'

एक अन्य सेवारत अधिकारी ने कहा कि मीडिया को अधिक जिम्मेदार होना होगा। उन्होंने कहा कि अर्शदीप मामले में भारतीयों द्वारा कथित ट्रोल के स्क्रीनशॉट प्रसारित किए गए। मीडिया के एक वर्ग ने भी इसे उठाया। उन्हें क्रॉस-चेक करना चाहिए था।

## तेलंगाना सरकार के मिशन भगीरथ को गांधी जयंती पर मिलेगा पुरस्कार

हैदराबाद, 29 सितम्बर (एजेन्सी)। तेलंगाना सरकार की प्रदेश मेंघरों तक नल से पेयजल पहुंचाने की मिशन भगीरथ योजना को केंद्र सरकार ने पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। यहां गुरुवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि एक पत्र के माध्यम से केंद्र सरकार ने तेलंगाना सरकार को दो अक्टूबर , गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली में पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया है।

बयान के अनुसार राज्य में मिशन भगीरथ के तहत प्रत्येक घर को प्रति व्यक्ति गुणवत्तापूर्ण पेयजल 100 लीटर मिल रहा है।

तेलंगाना को नियमितता श्रेणी' में देश में नंबर एक राज्य के रूप में मान्यता दी गई है और जल जीवन मिशन पुरस्कार के लिए चुना गया है।

बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा लागू दूरदर्शी योजना - मिशन भगीरथ योजना के तहत, तेलंगाना राज्य की हर बस्ती को दूरस्थ, जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में आदिवासी निवासियों को भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाता है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत केंद्र सरकार ने हाल ही में मिशन भगीरथ योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा की।

तेलंगाना के 320 चुने गए गांवों में एक राष्ट्रीय स्तर के स्वतंत्र संगठन द्वारा निरीक्षण भी किया गया था। इसके अलावा, पानी की गुणवत्ता और आपूर्ति तंत्र की जांच करते हुए, संगठन ने लोगों की राय एकत्र की और जानकारी का विश्लेषण किया।

## राजस्थान उच्च न्यायालय ने आरसीए चुनाव पर रोक लगाई

जयपुर, 29 सितम्बर (एजेन्सी)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के चुनाव पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे हैं। दौसा, नागौर, श्रीगंगानगर और अलवर के जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) की ओर से दायर याचिका पर न्यायमूर्ति महेंद्र गोयल की एकल पीठ ने यह फैसला दिया है। आरसीए का चुनाव शुक्रवार (30 सितंबर) को होना था।

रिट याचिका में आरोप लगाया गया है कि आरसीए चुनाव के चुनाव अधिकारी रामलुभाया स्वतंत्र और निष्पक्ष व्यक्ति नहीं हैं। वह सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। याचिकाकर्ता डीसीए की ओर से पेश हुए वकील डॉ अभिनव शर्मा ने कहा कि चुनाव अधिकारी ने सरकार में सक्रिय रूप से काम किया है और वह राज्य के मुख्यमंत्री के अधीन काम कर रहे हैं और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत न केवल आरसीए के वर्तमान अध्यक्ष हैं, बल्कि इस पद के लिये फिर चुनाव लड़ रहे हैं।

आरोप लगाया गया कि रामलुभाया को राजस्थान में जिलों के परिसीमन के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति का मार्च में छह महीने के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और बाद में आठ सितंबर को उन्हें चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त कर दिया गया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज्य सरकार ने आरसीए के चुनावों को प्रभावित करने के मकसद से उच्चाधिकार प्राप्त समिति में 13 सितंबर को उनका कार्यकाल 2023 तक बढ़ा दिया।

आरसीए की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने दलील दी कि अगर केवल पिता के कहने पर चुनाव प्रभावित हो रहे हैं तो जय शाह बीसीसीआई के सचिव हैं और उनके पिता भारत के गृह मंत्री हैं, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि बीसीसीआई राजनीतिक दबाव में है। अदालत ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की दलीलों को खारिज कर दिया और शुक्रवार को होने वाले चुनाव पर रोक लगा दी। मामले की सुनवाई अब शुक्रवार को होगी।

## भारत एक अमीर देश लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी से जूझ रहा : गडकरी



नागपुर, 29 सितम्बर (एजेन्सी)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और एक समृद्ध देश होने के बावजूद इसकी जनसंख्या गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, जातिवाद, अस्पृश्यता और महंगाई का सामना कर रही है। गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश के भीतर अमीर एवं गरीब के बीच की खाई गहरी हो रही है जिसे पाटने की जरूरत है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था हैं और पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम एक अमीर देश हैं जिसकी आबादी गरीब है। हमारा देश समृद्ध है लेकिन इसकी जनसंख्या गरीब है जो भुखमरी, बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, जातिवाद, अस्पृश्यता और कई अन्य मुद्दों का सामना कर रही है जो समाज की प्रगति के लिए ठीक नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि इस समय समाज के भीतर समाजिक एवं आर्थिक समानता की जरूरत है। समाज के इन दो हिस्सों के बीच फासला बढ़ा है। आर्थिक विषमता भी सामाजिक असमानता की तरह बढ़ी है।

उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में काम करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि अमीर एवं गरीब की खाई को पाटने के लिए ऐसे अन्य क्षेत्रों पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने देश के 124 आकांक्षी जिलों के विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान भी किया।

## गैर बीजेपी शासित राज्य सरकारों को निशाना बनाने के लिए राज्यपाल का इस्तेमाल कर रहा केंद्र : राहुल गांधी



नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेन्सी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर देश में गैर-भाजपा शासित राज्यों को निशाना बनाने के लिए राज्यपाल के कार्यालय का 'इस्तेमाल' करने का आरोप लगाया। गांधी ने दावा किया कि केंद्र देश पर एक राष्ट्र, एक भाषा की नीति थोपने के अपने एजेंडे का अनुसरण कर रहा है। 'भारत जोड़ो यात्रा' केरल पड़ाव के बाद बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के गुडालूर शहर पहुंची, जहां से यात्रा 30 सितंबर को कर्नाटक में प्रवेश करेगी। पहाड़ी क्षेत्र नीलगिरि जिले में स्थित गुडालूर शहर पहुंचने पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए।

राहुल गांधी ने यहां आरोप लगाया कि राज्यपालों का इस्तेमाल विपक्षी शासित राज्य (सरकारों) को गिराने'' के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूछा, राज्यपालों को विपक्षी शासित राज्यों में हस्तक्षेप करने का अधिकार क्यों होना चाहिए? क्या वे लोगों द्वारा चुने गए हैं? उन्होंने कहा, क्या लोगों ने उन्हें राज्यपाल के पद तक पहुंचाया है? भाजपा और आरएसएस को जनता द्वारा चुनी गई सरकारों को एक के बाद एक गिराने का क्या अधिकार है? गांधी ने दावा किया कि केंद्र को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के राज्य के हिस्से को दबाकर रखने का कोई अधिकार नहीं है और यह राशि राज्यों को सही समय पर दी जानी चाहिए।

स्थानीय मस्जिद में अजान होने के दौरान राहुल गांधी ने कुछ देर के लिए अपना संबोधन रोक दिया। गांधी ने कहा, राज्यों को (प्रशासन का) भागीदार होना चाहिए और केंद्र सरकार को राज्यों को साझेदारी में रखना चाहिए, लेकिन केंद्र पूरे देश पर एक भाषा, एक संस्कृति थोपना चाहता है। हम एकता चाहते हैं। साथ ही हमें विभिन्न भाषाओं, संस्कृति और धर्म की विविधता का सम्मान करना चाहिए।'' उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर लोगों में नफरत, हिंसा एवं गुस्सा फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी और न ही पार्टी किसी राज्य या भाषा का अपमान करने देगी।

यात्रा के दौरान कारोबारियों से बातचीत के दौरान उन्हें बताया गया कि केंद्र की नीतियां, खासकर नोटबंदी और जीएसटी लोगों के लिए 'विनाशकारी' हैं। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के 18 दिन के केरल चरण के समापन के बाद कहा, जीएसटी ने व्यापारियों के जीवन को और अधिक जटिल बना दिया है। उन्होंने गुडालूर की प्राकृतिक सुंदरता की प्रशंसा की। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) ने ट्वीट किया भारत जोड़ो यात्रा, अपने अगले पड़ाव तमिलनाडु के गुडालूर पहुंची। राहुल गांधी यात्रियों के साथ एक स्वतंत्र और समृद्ध भारत की ओर अपनी अथक यात्रा जारी रखेंगे।

बाद में, एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि इस यात्रा ने भाजपा को चिंतित कर दिया है और वह इसे 'नुकसान' पहुंचाने तथा 'बाधित' करने की पूरी कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की 'भारत जोड़ो यात्रा' सात सितंबर को कन्याकुमारी, तमिलनाडु से शुरू हुई थी। कन्याकुमारी से शुरू होकर यह यात्रा जम्मू-कश्मीर तक जाएगी। 150 दिनों की इस पदयात्रा में 3,570 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी।

## जी बांग्ला सिनेमा नई टैगलाइन के साथ आता है- 'होक ना एकतु मैजिक!'

सिलीगुड़ी, 29 सितम्बर । जी बांग्ला सिनेमा की नई पहचान साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'अपराजितो - द अनडिफीड' के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के दौरान सामने आई है, जिसमें जीतू कमल और सायोनी घोष ने अभिनय और अनिक दत्त द्वारा निर्देशित किया है। जी बांग्ला सिनेमा ने स्टार-स्टडेड ब्लॉकबस्टर बंगाली फिल्मों की एक शक्तिशाली लाइन-अप का भी खुलासा किया है, जिसका प्रीमियर फेस्टिव सीजन के दौरान चौनल पर होगा। 24 सितम्बर से 'नॉटन सिनेमा प्रोति रोबिबार' हर रविवार को 'वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर' लाएगा। अपनी तरह की यह पहली प्रोग्रामिंग चौनल को महीने में केवल एक बार के बजाय हर हते 'वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर' के प्रसारण का एक माइलस्टोन हासिल करते हुए देखेगा।

जी बांग्ला सिनेमा एक हाई-ऑक्टेन अभियान के साथ नई ब्रैंड पहचान को बढ़ावा दे रहा है, जिसे ओओएच, प्रिंट के साथ-साथ यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक सहित इसके सोशल मीडिया चौनलों में 360 डिग्री दृष्टिकोण के माध्यम से प्रचारित किया जाएगा। घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, श्री सम्राट घोष, चीफ क्लस्टर ऑफिसर-ईस्ट, ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेड ई ई एल) ने कहा, 'नॉटन सिनेमा प्रोतिरोबिबार' हमारे मार्केट शेयर को मजबूत करेगा क्योंकि हम हमारे दर्शकों के लिए आक्रामक रूप से अपनी मूवी लाइब्रेरी का विस्तार करते हैं और बेहतरीन मूवी कंटेंट लाते हैं।

मैजिक की डोज की दैनिक खुराक परोसना जो दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाता है जहां संभावना आगे की सीट लेती है और वास्तविकता पीछे की सीट लेती है! जी बांग्ला सिनेमा की नई टैगलाइन 'होक ना एकतु मैजिक' है, जो इस ब्रांड के उद्देश्य को प्रतिध्वनित करती है।

## ईटी कंज्यूमर फ्रीडम कॉन्क्लेव ने जन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए विचार-विमर्श का आयोजन किया

सिलीगुड़ी, 29 सितम्बर । इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम (ईएनडीएस) पर प्रतिबंध के तीन साल बाद, ईटी कंज्यूमर फ्रीडम कॉन्क्लेव के पांचवें संस्करण ने एक इंटरैक्टिव थिंक लीडरशिप प्लेटफॉर्म का आयोजन किया है, जिसमें एक प्रभावी और एकजुटता की आवश्यकता पर व्यावहारिक चर्चा और बहस देखी गई है और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए धूम्रपान बंद करने के दृष्टिकोण का आयोजन किया गया।

'जीवन बचाने के लिए धूम्रपान बंद करने के दृष्टिकोण को अपनाना' विषय पर आधारित, समिट में प्रख्यात नियामक आवाजों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों, वैज्ञानिक और चिकित्सा विशेषज्ञों, लीगल, थिंग टैंक और उपभोक्ता संगठनों की भागीदारी देखी गई, जिन्होंने उपभोक्ता पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। स्वतंत्रता और धूम्रपान करने वालों को उनके स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने या समाप्त करने में सहायता करने के लिए वैकल्पिक नुकसान कम करने वाले उत्पादों को वैध बनाने की आवश्यकता ही।

अपना मुख्य भाषण देते हुए प्रो. एम.वी. राजीव गौड़ा, पूर्व संसद सदस्य, राज्यसभा ने कहा, भारत अन्य देशों से कई सीख ले सकता है जो विज्ञान समर्थित नीतियों को अपनाकर धूम्रपान बंद करने की श्रेणी बनाने की अपनी यात्रा में मजबूत कदम उठा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को कम हानिकारक विकल्प में स्विच करने का विकल्प बनाने में मदद मिलती है। ईएनडी या हीट-नॉट-बर्न उपकरणों का उपयोग नुकसान को काफी कम कर सकता है, और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है। इस प्रतिबंध पर फिर से विचार करने और नियमन की नीति अपनाने का समय आ गया है। समिट में कुछ उपभोक्ता कहानियों पर भी प्रकाश डाला गया जहां व्यक्तियों ने धूम्रपान के बारे में अपने अनुभव और छोड़ने की इच्छा साझा की, हालांकि लोज़ेंग, पैच इत्यादि जैसे विकल्पों की कोशिश करने के बावजूद वे अपने प्रयास में असफल रहे।

## फ्लिपकार्ट बीबीडी 2022 समावेशिता, नवाचार और प्रचार की नई ऊंचाइयों को छूता है

सिलीगुड़ी, 29 सितम्बर । फ्लिपकार्ट के वार्षिक लैगशिप इवेंट 'द बिग बिलियन डेज' (टीबीबीडी) के नौवें संस्करण ने इस साल समावेशिता, प्रभाव और नवाचार की नई ऊंचाइयों को छुआ है, जिससे लाखों भारतीय उपभोक्ताओं और लाखों ब्रैंडों, छोटे विक्रेताओं, कारीगर, किराना मालिक और नौकरी चाहने वालेके लिए उत्सव का माहौल है। शहरों में ग्राहकों को एक सुखद आश्चर्य मिला, क्योंकि लिपकार्ट के कई लीडर्स ने भी अपने दरवाजे पर शिपमेंट पहुंचाने के लिए एक यात्रा की है, जीन्होंने इस फेस्टिभ सीजन के लिए खरीदारी की है। टीबीबीडी 2022 में ऐप पर समवर्ती उपयोगकर्ताओं की अभूतपूर्व संख्या देखी गई - 1.6 मिलियन प्रति सेकंड।

टीबीबीडी 2022 के दौरान अर्ली एक्सेस का उपयोग करने वाले लिपकार्ट प्लस ग्राहकों की संख्या में पिछले साल की तुलना में स्वस्थ वृद्धि देखी गई। टीबीबीडी 2022 में पिछले साल के संस्करण की तुलना में फ्लिपकार्ट के किराना डिलीवरी कार्यक्रम के तहत किराना स्टोर्स से अधिक भागीदारी देखी गई। ट

ीबीबीडी डिलीवरी के लिए लिपकार्ट के साथ साझेदारी करने वाले किरानों की संख्या 2019 में 27000 किराना से बढ़कर 2022 में 2 लाख हो गई। मंजरी सिंघल, सीनियर डायरेक्टर- कस्टमर, ग्रोथ एंड इवेंट्स, फ्लिपकार्ट ने कहा, हम अधिक मूल्य बनाने के लिए नए तरीके तलाशते रहेंगे जो भी हमारे सभी हितधारकों के लिए, समावेशिता, सामर्थ्य, नवाचार और प्रभाव के हमारे मूल सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होगी।

## यूटीआई लेक्सी कैप फंड- एक लेक्सी-कैप पोर्टफोलियो

सिलीगुड़ी, 29 सितम्बर । यूटीआई लेक्सी कैप का लगातार प्रदर्शन का दीर्घकालिक ट्रैक रिकॉर्ड है। यह इस श्रेणी के सबसे पुराने फंडों में से एक है (1992 में लॉन्च किया गया)। यूटीआई म्यूचुअल फंड की यह पेशकश किसी भी लंबी अवधि के निवेशक के लिए उपयुक्त है जो फंड की तलाश में है जो निवेशकों के लिए आर्थिक मूल्य बनाने की क्षमता वाले गुणवत्ता वाले व्यवसायों में निवेश करने का प्रयास करता है।

यूटीआई लेक्सी कैप फंड - यह एक म्यूचुअल फंड प्रोडक्ट केटेगरी है जिसे निवेशक लंबी अवधि के धन सृजन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए निवेश कर सकते हैं। लेक्सी-कैप फंड ओपन-एंडेड इक्विटी फंड हैं, जो कुल संपत्ति का कम से कम 65 प्रतिशत निवेश करते हैं, विभिन्न बाजार पूंजीकरणों में कंपनियों की इक्विटी परिसंपत्तियों में निवेश किया जाता है, जैसे कि लार्ज-कैप, मिड-कैप या स्मॉल-कैप फंड। यूटीआई लेक्सी कैप फंड श्रेणी के सबसे पुराने फंडों में से एक है (1992 में लॉन्च किया गया) और इसका लगातार प्रदर्शन का दीर्घकालिक ट्रैक रिकॉर्ड है। फंड में 26,000 करोड़ रुपये से अधिक का कोष है और 18.84 लाख से अधिक निवेशकों का विस्वाश है (31 अगस्त, 2022 तक)। यूटीआई म्यूचुअल फंड की यह पेशकश किसी भी लंबी अवधि के निवेशक के लिए उपयुक्त है जो एक ऐसे फंड की तलाश में है जो निवेशकों के लिए आर्थिक मूल्य बनाने की क्षमता वाले गुणवत्ता वाले व्यवसायों में निवेश करने का प्रयास करता है।

यूटीआई लेक्सी कैप फंड का निवेश दर्शन गुणवत्ता, विकास और मूल्यांकन के तीन स्तंभों के आसपास बनाया गया है। पोर्टफोलियो रणनीति उन व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करने की होगी जो लंबे समय तक मजबूत विकास दिखाने की क्षमता रखते हैं और अनुभवी प्रबंधन द्वारा चलाए जाते हैं। 'गुणवत्ता' एक रिटर्न ऑन कैपिटल एम्प्लॉयड (आरओसीई) या रिटर्न ऑन इक्विटी (आरओई) पर उच्च रिटर्न बनाए रखने के लिए एक व्यवसाय की क्षमता का प्रतीक है। शविकासश व्यवसाय के लिए दीर्घकालिक धर्मनिरपेक्ष विकास का प्रतीक है। फंड उन व्यवसायों पर जोर देता है जिनके पास चक्रीय और अप्रत्याशित विकास के बजाय स्थिर और अनुमानित ग्रोथ ट्राजेक्टरी है।

फंड के निवेश दर्शन का अंतिम स्तंभ 'मूल्यांकन' है। एक महान व्यवसाय में एंट्री पॉइंट के रूप में मूल्यांकन बहुत महत्वपूर्ण हैं और इसलिए किसी को स्टॉक में प्रवेश करने से पहले इसका बहुत सावधानी से अध्ययन करना चाहिए। यूटीआई लेक्सी कैप फंड उन इक्विटी निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो अपने श्कोरश इक्विटी पोर्टफोलियो का निर्माण करना चाहते हैं और आर्थिक मूल्य उत्पन्न करने वाले गुणवत्ता वाले व्यवसायों में निवेश के माध्यम से दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि चाहते हैं। मॉडरेट रिस्क-प्रोफाइल वाले निवेशक और लंबी अवधि के वित्तीय लक्ष्य को पूरा करने के लिए कम से कम 5 से 7 साल के लिए निवेश करना चाहते हैं, इस फंड में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। फंड निवेश की 'विकास' शैली का अनुसरण करते हुए मार्केट कैपिटलाइजेशन स्पेक्ट्रम में निवेश करता है। इस योजना की शीर्ष दस होल्डिंग्स में बजाज फाइनेंस लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, इंफोसिस लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड, एलएंडटी इंफोटेक लिमिटेड, इंफो-एज (इंडिया) लिमिटेड और एचडीएफसी लिमिटेड और एस्ट्रल लिमिटेड शामिल हैं जो 31 अगस्त, 2022 तक पोर्टफोलियो के कोष का लगभग 41 प्रतिशत हिस्सा है।

# दिल्ली में शिक्षा क्रांति से बच्चों का बढ़ा आत्मविश्वास : सिसोदिया

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसी)। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में आयी शिक्षा क्रांति की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा है और अब वे न केवल अपने करियर को बेहतर बनाने का सपना देख रहे है बल्कि भविष्य में कुछ ऐसा करना चाहते है जिससे देश में परिवर्तन आए। सिसोदिया ने रोजाना स्कूल विजिट कर बच्चों और शिक्षकों से मिलकर अपने दिन की शुरुआत करने की श्रृंखला को जारी रखे हुए आज यहां एसकेवी खेड़ा खुर्द में बच्चों के साथ संवाद किया। उन्होंने संवाद के दौरान बच्चों से पूछा कि स्कूल की नई शानदार बिल्डिंग बनने, पढ़ने-पढ़ाने के तरीकों में आए बदलाव तथा तीनों माइंडसेट करिकुलम से उनकी जिन्दगी में क्या बदलाव आए है।

बच्चों ने जवाब में कहा, हमारा स्कूल अब किसी बड़े प्राइवेट स्कूल जैसा दिखता है और हमें अब स्कूल आने में ज्यादा अच्छा लगता है। इससे हमारा कॉन्फिडेंस बढ़ा है कि हम सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी भविष्य में बहुत अच्छा कर सकते है।'' उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में 7-8 साल पहले तक सरकारी स्कूल के बच्चे खुद को देश का भविष्य नहीं मानते थे। उन्होंने उस वाकया को साझा करते हुए बताया कि कैसे एक सरकारी स्कूल में बच्चे ने जवाब दिया था कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे देश का भविष्य नहीं होते बल्कि प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे देश का भविष्य होते है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 सालों में दिल्ली की टीम एजुकेशन ने शिक्षा सुधार के लिए इतनी मेहनत की है कि अब यह नजरिया बदल गया है।

अब सरकारी स्कूल के बच्चे न केवल खुद को देश का भविष्य मानते है बल्कि यह विज़न भी रखने लगे है कि कैसे अपने काम की बदौलत समाज की समस्याओं को दूर कर देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकते है। अब किसी काम के साथ उनका विज़न केवल रोजगार पाने तक सीमित नहीं है बल्कि बच्चे यह सोचने लगे है कि कैसे उनके काम से समाज और देश प्रभावित होगा। संवाद के दौरान 12वीं की एक छात्रा ने एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम के अपने अनुभवों को



साझा करते हुए कहा कि एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम से उसे न केवल जॉब सीकर के बजाय जॉब प्रोवाइडर बनने की प्रेरणा मिली है बल्कि इस करिकुलम ने लाइफ स्किल्स भी सिखाए है। छात्रा ने बताया कि पहले वो किसी से बातचीत करने में हिचकती थी और लोगों से घुल मिल नहीं पाती थी। लेकिन ईएमसी और बिज़नेस ब्लास्टर्स ने उसके कम्युनिकेशन स्किल्स को बेहतर बनाया साथ ही इससे टीम के साथ मिलकर काम करना और लीडरशिप क्वालिटी भी डेवलप हुई है।

# अमित शाह के दौरे से पहले जम्मू-कश्मीर में ब्लास्ट, उधमपुर में 8 घंटे में 2 विस्फोट, एनआईए करेगी जांच

उधमपुर/जम्मू, 29 सितम्बर (एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में दो रहस्यमय विस्फोटों की जांच करने के लिए पहुंची, जिसमें दो लोग घायल हो गए थे।

उधमपुर जिले में रात 10.30 बजे आठ घंटे के अंतराल में दो धमाके हुए। बुधवार को और गुरुवार को सुबह 6 बजे।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जम्मू) मुकेश सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि उधमपुर में दो किलोमीटर के दायरे में एक के बाद एक दो धमाके हुए।

एडीजीपी ने कहा, 'प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ये आईईडी विस्फोट थे।' उन्होंने कहा कि पुलिस इन दोहरे विस्फोटों में बमों के इस्तेमाल से इंकार नहीं कर सकती है।

सूत्रों ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब पांच बजकर 40 मिनट पर यह विस्फोट हुआ। किसी के हताहत होने की अभी कोई खबर नहीं है। विस्फोट में वाहन की छत और पीछे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

यह घटनाएं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चार अक्टूबर से शुरू होने वाले दौरे से कुछ दिन पहले हुई हैं। उन्हें 30 सितंबर को जम्मू-कश्मीर की तीन दिवसीय यात्रा पर जाना था और एक अक्टूबर को राजौरी में और दो अक्टूबर को बारामूला में जनसभाएं करनी थीं। हालांकि, बाद में यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव किया गया।

उधमपुर शहर में कुछ घंटों के भीतर हुआ यह दूसरा विस्फोट है। दोमेल चौक पर एक पेट्रोल पंप के पास खड़ी एक बस में बुधवार रात विस्फोट होने से दो लोग घायल हो गए थे।

सूत्रों ने बताया कि जिस बस में दूसरा धमाका हुआ वह उधमपुर जिले के बसंतगढ़ से आई थी और रात में बस स्टैंड पर रुकी थी। इसे सुबह बसंतगढ़ के लिए रवाना होना था।

उधमपुर-रियासी (रेंज) के पुलिस महानिरीक्षक सुलेमान चौधरी ने बताया कि विस्फोटों से दो से तीन बसों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, विस्फोटकों की प्रकृति और अन्य चीजों की जांच की जा रही है। इसकी विस्तृत जांच की जरूरत है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों से पूछताछ की गई है और घटना के आतंकवाद से जुड़े होने के पहलू को भी नकारा नहीं जा सकता है। पुलिस ने अलर्ट जारी किया है और लोगों से अपने वाहनों का ध्यान रखने को कहा है, ताकि उनमें कुछ भी संदिग्ध होने पर समय पर इसकी जानकारी मिल पाए।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस व अन्य सुरक्षा बलों के कर्मियों ने बस स्टैंड को घेर लिया है और वाहन सेवा शुरू करने की अनुमति देने से पहले पूरी तरह से जांच की जा रही है। सुबह विस्फोट होने से पहले बस स्टैंड से निकले सभी वाहनों को भी जांच चौकियों पर रोक कर उनकी तलाशी ली जाएगी।

# भारत आतंकवाद के खिलाफ अग्रणी देश के रूप में भूमिका निभाई : राष्ट्रपति

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि कई क्षेत्रों में भारत के नेतृत्व को अब चुनौती नहीं दी जा सकती और देश ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी देश के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

भारतीय विदेश सेवा (2021 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों के समूह को राष्ट्रपति भवन में संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत की मजबूत स्थिति अन्य कारकों के साथ उसके आर्थिक प्रदर्शन पर आधारित है।

राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अभी भी महामारी के प्रभावों से उबरने का प्रयास कर रही हैं, वहीं भारत एक बार फिर उठ खड़ा हुआ और आगे बढ़ने लगा है।

उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा, वास्तव में वैश्विक आर्थिक स्थिति का पटरी पर लौटना एक हद तक भारत पर निर्भर हो गया है।

मुर्मू ने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारियों के लिये यह बहुत रोचक होने जा रहा है क्योंकि वे विदेश सेवा में अपने करियर की शुरुआत ऐसे समय में कर रहे हैं जब भारत विश्व पटल पर नये आत्मविश्वास के साथ उभरा है। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया भी भारत की ओर देख रही है।

# व्यापमं घोटाले में पांच को सात साल की सजा

भोपाल, 29 तिम्बर (एजेंसी)। भोपाल की एक विशेष सीबीआई अदालत ने गुरुवार को व्यापमं घोटाले के मामले में पांच लोगों को दोषी ठहराया और सात साल की सजा सुनाई।

अदालत ने प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जबकि उनके दो सह-आरोपियों को ठोस सबूत के अभाव में बरी कर दिया गया था।

अदालत में सीबीआई का प्रतिनिधित्व करने वाले विशेष लोक अभियोजक सतीश दिनकर ने कहा कि सजा पाए लोग 2013 में हुई पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में घोटाले में शामिल थे।

दोषी एक इंजन-बोगी सिस्टम का हिस्सा थे। इस सिस्टम के तहत सजा पाए दोषी दो छात्रों के बीच में बैठकर परीक्षा में कॉपी करवाने का काम करते थे।

सजा पाने वाले पांच लोगों में से चार की पहचान कमल किशोर, अमर सिंह, नागेंद्र सिंह, सुरेश सिंह के रूप में हुई है, जो परीक्षा में फर्जी उम्मीदवार बनकर जाते थे और छात्रों की नकल करने में मदद करते थे, जबकि एक आरोपी दूसरे उम्मीदवार के स्थान पर परीक्षा में बैठा था।

दिनकर ने आईएएनएस को बताया, अदालत में इस विशेष मामले से जुड़े कुल 32 गवाहों से जिरह की गई। उनकी गवाही और घोटाले से जुड़े 200 पन्नों के दस्तावेजों के आधार पर व्यापमं मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति नीतिराज सिंह सिसोदिया ने गुरुवार को फैसला सुनाया।

2013 में उजागर हुए व्यापमं घोटाले से संबंधित 160 मामलों में से कई मामलों की सीबीआई द्वारा जांच जारी है। भोपाल जिला अदालत 54 मामलों की सुनवाई कर रही है, जबकि अन्य मामलों की सुनवाई इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर की विभिन्न अदालतों में हो रही है।

दिनकर ने दावा किया कि लगभग 50 प्रतिशत मामलों को समाप्त कर दिया गया है, जबकि मुख्य मामले में मुकदमा चल रहा है, जिसमें 1300 से अधिक आरोपी हैं। मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल और व्यापम के कर्मचारियों समेत सभी प्रमुख आरोपी जमानत पर बाहर हैं।

# सोरेंग जिले में पहली बार हुई दिशा की बैठक

**अनुगामिनी नि.सं.**

सोरेंग, 29 सितम्बर। दिशा के अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद इन्द्रहांग सुब्बा की अध्यक्षता में सोरेंग स्कूल के प्रेक्षागृह में आज प्रथम दिशा बैठक सम्पन्न हुई। सोरेंग के नया जिला बनने के बाद पहली बार यहां दिशा बैठक सम्पन्न हुई। सभा में दिशा के सदस्य तथा मन्त्री एमएन शेरपा, विधायक केएन लेप्चा, जिला पंचायत अध्यक्ष देविका सुब्बा, दिशा के सदस्य सचिव तथा जिलाधिकार भीम ठटाल, एडीसी (विकास) गायस पेगा, जिला तथा ग्राम पंचायत, पुलिस अधीक्षक के साथ ही सोरेंग जिला के विभागीय प्रमुख, बीडीओ और हाइड्रोपावर कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

आज सभा में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनमुखी योजनाओं और कार्यक्रमों के संबंध में 12 विभागों के विभागीय अधिकारी और दो हाइड्रोपावर कम्पनी के प्रतिनिधियों ने इन योजनाओं के कार्यान्वयन तथा कार्यप्रगति के बारे जानकारी देते हुए पावर प्वाइन्ट प्रस्तुति दी।

इन विभागों में ग्रामीण विकास विभाग, उर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, बैंक, राममांग एनपीपी एनटीपीसी बुदांग, एनएचपीसी रेसी, हैंडलूम तथा हैंडीक्राफ्ट, मत्स्यपालन विभाग, आइसीडीएस, सहकारी विभाग, पशुपालन एवं चिकित्सक सेवा विभाग और खेलकूद विभाग थेए। उल्लेखनीय है कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा)- स्थानीय सांसद, विधायक, स्थानीय जिला तथा ग्राम पंचायत और जिला प्रमुख को लेकर गठित किया जाता है। दिशा समिति जिले में संचालित केंद्रीय योजनाओं की प्रगति और कार्यान्वयन पर निगरानी रखती है।

# व्यभिचार से परिवार को होती पीड़ा, सशस्त्र बलों पर कार्रवाई हो : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि व्यभिचार से परिवार को पीड़ा होती है। सशस्त्र बलों को इस अपराध के लिए अपने अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि व्यभिचार अनुशासन को हिला सकता है, जो सशस्त्र बलों में सर्वोपरि है, जबकि परिवार समाज की इकाई है और हर कोई इस पर निर्भर है।

पीठ में शामिल जस्टिस अजय रस्तोगी, अनिरुद्ध बोस, हृषिकेश रॉय और सी.टी. रविकुमार की ने कहा, 'यह आचरण अधिकारियों के जीवन को हिला सकता है। समाज की अखंडता पति-पत्नी की एक-दूसरे के प्रति वफादारी पर आधारित रहती है।' पीठ ने यह टिप्पणी तब की, जब केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान ने कहा कि दायर याचिका में 2018 के फैसले को स्पष्ट किए जाने की मांग की गई है।

पीठ ने आगे कहा कि व्यभिचार करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए सशस्त्र बलों के पास किसी प्रकार का तंत्र होना चाहिए और इस मुद्दे को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने कहा कि 2018 में एनआरआई जोसेफ शाइन द्वारा दायर एक याचिका पर आईपीसी की धारा 497 के तहत व्यभिचार के अपराध के निपटारे को रोके जाने को असंवैधानिक करार दिया।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई को रोकने के लिए 2018 के फैसले का हवाला नहीं दिया जा सकता है।

रक्षा मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि 2018 का फैसला व्यभिचार जैसे कृत्यों के लिए दोषी ठहराए गए सशस्त्र बलों के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के रास्ते में बाधा आ सकती है।

शीर्ष अदालत को बताया गया कि सेना में की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्रवाई जेंडर न्यूट्रल है।



पीठ ने कहा, 'व्यभिचार परिवार में दर्द पैदा करता है। हमने न्यायाधीशों के रूप में उच्च न्यायालयों में कई सत्र आयोजित किए हैं और कितने परिवारों की पीड़ा देखी है।'

पीठ ने व्यभिचार से जुड़ी नफरत के पहलू पर जोर देते हुए एक ऐसे मामले का हवाला दिया, जिसमें व्यभिचार करने वाली एक मां ने अपने बच्चों की कस्टडी की मांग करते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की, लेकिन बच्चों ने उससे बात करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने आगे कहा कि सशस्त्र बलों को आश्वासन होना चाहिए कि परिदृश्य नहीं होना चाहिए कि जोसेफ शाइन (2018 के फैसले) का हवाला देते हुए दावा किया जाए कि कुछ भी नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह सूचित किया गया था कि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) ने फैसले का हवाला देते हुए व्यभिचार के आरोपी सेना के कुछ कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई को रद्द कर दिया।

पीठ ने केंद्र के वकील से कहा कि वह एएफटी के व्यक्तिगत आदेशों को चुनौती दे सकते हैं।

शीर्ष अदालत ने दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई की तारीख 6 दिसंबर तय की।

# सीएसआईआर थेमेटिक .....

एवं कई अन्य अधिकारीग भी उपस्थित रहे।

बैठक में राज्य में थेमेटिक रीजनल सेंटर स्थापित करने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर कार्य को आगे बढ़ाने हेतु कृषि, बागवानी, विज्ञान व तकनीक, आईसीएआर सिक्किम, सिक्किम विश्वविद्यालय, सीएसआईआर-आईएचबीटी तथा अन्य सभी सम्बंधित विभागों को शामिल कर एक संयुक्त समिति के गठन का फैसला हुआ।

वहीं इस दौरान मंत्री शर्मा ने राज्य में आईएचबीटी-सीएसआईआर जैसे तकनीक आधारित संस्थान की स्थापना की जरूरत बताते हुए सीएसआईआर निदेशक को नवगठित समिति के साथ सामंजस्य में एक विस्तृत योजना रिपोर्ट तैयार करने का सुझाव दिया। साथ ही उन्होंने इस दिशा में भावी कदमों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर निदेशक डॉ. संजय कुमार ने कहा कि प्रस्तावित सेंटर स्थापना हेतु सिक्किम में संसाधनों की काफी संभावनाएं हैं। वहीं कृषि सचिव एवं अन्य अधिकारियों ने भी प्रस्तावित परियोजना के बारे में अपने कई सुझाव प्रस्तुत किये।

# नीतीश कुमार की दावेदारी के बीच केसीआर भी बनाएंगे राष्ट्रीय दल, दशहरे पर बड़ी तैयारी

हैदराबाद, 29 सितम्बर (एजेंसी)। अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दावेदारी के बीच अब तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) राष्ट्रीय दल बनाने जा रहे हैं। हैदराबाद में 5 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर राष्ट्रीय दल से पर्दा उठ जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी भी जोरों पर चल रही है। केसीआर की ओर से राष्ट्रीय पार्टी के नाम और उसके संरचना को लेकर पहले से ही काम किया जा रहा था। अब विजय दशमी के मौके पर राष्ट्रीय पार्टी की औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी।

पार्टी नेताओं का कहना है कि किसी भी काम की शुरुआत के लिए दशहरा एक शुभ दिन होता है। ऐसे में इसी दिन राष्ट्रीय पार्टी की घोषणा की औपचारिक घोषणा की जाएगी। दशहरा के दिन तेलंगाना भवन में दोपहर बाद टीआरएस विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें मुख्यमंत्री केसीआर की ओर से राष्ट्रीय पार्टी के गठन को लेकर वन लाइन प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

तेलंगाना भवन में विधायक दल की बैठक के बाद टीआरएस की राज्य कार्यकारिणी समिति की ओर से भी एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। इस दिन पार्टी के सभी सांसदों, विधायक, एमएलसी और राज्य स्तर के सीनियर नेताओं के साथ-साथ पार्टी के सभी सीनियर नेताओं को तेलंगाना भवन आने को कहा गया है। इसके बाद केसीआर राष्ट्रीय पार्टी के शुभारंभ की घोषणा करेंगे और पार्टी के नेताओं को एजेंडे के बारे बताएंगे। पार्टी नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री उसी बैठक में टीआरएस के राष्ट्रीय समन्यवकों की भी घोषणा करेंगे।

हालांकि, नई राष्ट्रीय पार्टी का नाम अभी तक गुप्त रखा गया है, लेकिन पार्टी नेताओं ने संभावना जताई है कि उनकी राष्ट्रीय पार्टी का नाम भारतीय राष्ट्र समिति हो सकता है। अभी तक इस बात को लेकर भी स्थिति साफ नहीं हो पाई है कि केसीआर अपनी पुरानी पार्टी टीआरएस को भंग करेंगे या फिर बीआरएस में उसका विलय करेंगे या फिर टीआरएस भी अपने अस्तित्व में रहेगी।

राष्ट्रीय पार्टी के शुभारंभ को देखते हुए टीआरएस की ओर से देश के सभी प्रमुख राज्यों में प्रचार अभियान चलाने की योजना बनाई जा रही है। देशभर के प्रमुख शहरों में होर्डिंग के साथ-साथ



प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों के पहले पन्ने पर विज्ञापन देने की भी तैयारी चल रही है। पार्टी नेताओं ने कहा कि 'देश का नेता केसीआर' का नारा देश के कोने-कोने में ले जाया जाएगा।

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 01:00 PM
DEAR PADMA MORNING
THURSDAY WEEKLY LOTTERY
Draw No:96 DrawDate on:29/09/22
1st Prize ₹1 Crore/- 84J 54230
(Including Super Prize Amt)
Cons. Prize ₹1000/- 54230 (REMAINING ALL SERIALS)
2nd Prize ₹9000/-
18814 49708 52595 57635 73889 74662 78084 87534 90233 96855
3rd Prize ₹450/-
0814 0872 1786 2198 2645 2816 4958 8009 8942 9461
4th Prize ₹250/-
0259 2648 3220 3707 4297 5559 9057 9330 9527 9925
5th Prize ₹120/-
0111 0162 0186 0191 0204 0214 0365 0388 0399 0465
0685 0783 0856 0891 1037 1111 1517 1635 1717 1952
2129 2167 2223 2253 2272 2368 2465 2479 2706 2799
3036 3059 3245 3266 3289 3407 3430 3482 3532 3733
3890 4060 4162 4211 4219 4530 4769 5103 5166 5268
5341 5440 5449 5476 5694 5735 5894 6002 6016 6156
6300 6449 6468 6616 7012 7040 7134 7253 7523 7579
7608 7658 7691 7718 7763 7820 7827 8127 8147 8207
8232 8363 8397 8542 8602 8764 8790 8986 8989 9071
9081 9101 9233 9386 9528 9627 9916 9932 9940 9956
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 06:00 PM
DEAR VENUS THURSDAY
WEEKLY LOTTERY
Draw No:96 DrawDate on:29/09/22
1st Prize ₹1 Crore/- 78E 50125
(Including Super Prize Amt)
Cons. Prize ₹1000/- 50125 (REMAINING ALL SERIALS)
2nd Prize ₹9000/-
07491 14693 24431 30990 33816 47607 54601 63004 77402 84260
3rd Prize ₹450/-
0679 0733 1383 1672 3525 3828 5860 8232 9292 9481
4th Prize ₹250/-
0026 1591 1618 1730 1859 2035 5567 6553 8140 8873
5th Prize ₹120/-
0154 0209 0313 0340 0417 0429 0543 0617 0765 0797
0882 0903 1026 1082 1348 1380 1439 1455 1511 1608
1742 2029 2044 2462 2494 2514 2558 2677 2787 2964
2992 3081 3272 3361 3404 3475 3626 3740 3850 4019
4139 4309 4315 4518 4558 4608 4655 4765 4800 4819
5143 5174 5317 5407 5575 5610 5670 6058 6118 6174
6223 6309 6373 6383 6440 6613 6753 6950 7009 7061
7219 7253 7260 7264 7283 7312 7519 7538 7585 7620
8046 8057 8174 8193 8279 8288 8362 8403 8467 8476
8587 8702 8778 8792 8817 8829 9624 9750 9812 9950
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 08:00 PM
DEAR FALCON EVENING
THURSDAY WEEKLY LOTTERY
Draw No:196 DrawDate on:29/09/22
1st Prize ₹1 Crore/- 45A 88416
(Including Super Prize Amt)
Cons. Prize ₹1000/- 88416 (REMAINING ALL SERIALS)
2nd Prize ₹9000/-
00490 09717 10792 23853 43443 51475 54611 58787 76673 87193
3rd Prize ₹450/-
0874 1338 2383 2754 2963 6517 6926 7370 8172 8581
4th Prize ₹250/-
0753 0864 1511 2039 2229 3858 4519 5667 6065 8389
5th Prize ₹120/-
0079 0223 0272 0376 0536 0542 0579 0640 0956 1075
1143 1267 1284 1352 1398 1599 1689 1705 1718 1743
1833 1983 2005 2033 2671 2676 2878 2899 2986 3125
3128 3316 3390 3417 3422 3530 3570 3629 3689 3731
3806 3870 3964 3998 4314 4388 4392 4491 4694 4803
4847 4852 4944 5152 5182 5205 5291 5302 5372 5425
5453 5670 5729 5756 5819 5882 6001 6223 6274 6489
6923 6943 6958 7024 7027 7133 7148 7238 7479 7493
7509 7596 7809 7844 7986 7997 8112 8584 8590 8811
9008 9062 9080 9095 9246 9558 9672 9729 9891 9912
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 06:00 PM
DEAR LAXMI PROSPER THURSDAY
Draw No:17 DrawDate on:29/09/22
1st Prize ₹10,000/- 4871 5629
2nd Prize ₹5,000/- 7283 7392
3rd Prize ₹2,000/- 1120 9885
4th Prize ₹1,000/- 2904 3280
5th Prize ₹500/-
0118 1275 4584 5927 6808 7922
6th Prize ₹200/-
0000 0068 0084 0092 0110 0134 0192 0194 0221 0276
0312 0381 0387 0394 0426 0469 0476 0486 0532 0538
0643 0647 0668 0687 0736 0752 0787 0819 0843 0844
0855 0873 0948 0985 0987 1001 1011 1021 1025 1216
1249 1333 1334 1364 1399 1404 1415 1454 1455 1458
1477 1537 1586 1607 1615 1632 1676 1682 1689 1708
1765 1794 1832 1869 1875 1884 1910 1950 1951 1977
2029 2058 2063 2085 2145 2154 2177 2190 2201 2218
2223 2250 2320 2398 2435 2441 2458 2521 2548 2581
2584 2641 2667 2678 2736 2750 2768 2786 2827 2864
3010 3069 3139 3144 3247 3259 3272 3278 3311 3371
3419 3423 3431 3501 3537 3570 3626 3710 3778 3799
3887 3890 3959 3967 4020 4050 4068 4127 4272 4399
4402 4420 4462 4464 4474 4481 4561 4568 4607 4688
4724 4729 4730 4753 4776 4778 4809 4858 4891 4902
4908 4916 4955 5010 5022 5088 5121 5126 5159 5177
5229 5241 5269 5276 5283 5293 5350 5388 5406 5420
5440 5465 5562 5568 5581 5630 5658 5669 5685 5818
5824 5949 6039 6118 6126 6157 6182 6188 6190 6236
6312 6363 6367 6369 6372 6440 6451 6452 6549 6561
6587 6653 6656 6663 6735 6736 6740 6746 6833 6858
6902 6931 6998 7032 7041 7045 7055 7068 7069 7076
7081 7144 7173 7212 7233 7240 7264 7380 7390 7496
7498 7515 7611 7646 7682 7690 7715 7745 7790 7888
7903 7942 8007 8015 8085 8172 8187 8194 8224 8259
8287 8306 8319 8330 8364 8386 8439 8459 8468 8502
8561 8565 8705 8717 8720 8766 8817 8820 8826 8941
9075 9123 9155 9179 9224 9315 9327 9357 9361 9363
9368 9377 9385 9474 9489 9577 9601 9606 9612 9665
9702 9713 9715 9784 9844 9879 9881 9887 9889 9965
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

# सतर्क रहे सरकार

एक सप्ताह के अंदर दो दौर की देशव्यापी छापेमारी सहित 240 से ज्यादा सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद केंद्र सरकार ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और उसके आठ सहायक संगठनों को पांच साल के लिए बैन कर दिया है। सरकार का दावा है कि इन संगठनों का स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी), जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और आईएसआईएस जैसे संगठनों से जुड़ाव रहा है और ये प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हिंसा और आतंकी घटनाओं में शामिल रहे हैं। हालांकि ये संगठन आरोपों से इनकार करते हैं और बैन किए गए इन नौ संगठनों में से एक कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई) ने फैसले को अदालत में चुनौती देने की बात भी कही है। बहरहाल, इस बैन से जुड़े कुछ अहम पहलू हैं, जिन पर विचार करना जरूरी है। पीएफआई खुद को एक सामाजिक, सांस्कृतिक संगठन कहता है। अपने आनुषंगिक संगठनों के जरिए वह ऐसे बहुत सारे सामाजिक कार्यों को अंजाम देता है, जिन्हें सामान्य लोग नेक काम के रूप में देखते हैं। ऐसे में स्वाभाविक है कि संगठन के प्रभाव क्षेत्र में रहने वाली आबादी का एक बड़ा हिस्सा उस पर लगे आरोपों को सहज ही स्वीकार न कर पाए।

हालांकि यह बात समझी जा सकती है कि इन संगठनों के खिलाफ चल रहे ज्यादातर मामले जांच प्रक्रिया के अधीन हैं इसलिए जांच एजेंसियों के पास जो सबूत होंगे भी, वे सारे के सारे सार्वजनिक नहीं किए जा सकते। इससे जांच प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। फिर भी यह ध्यान में रखना जरूरी है कि अगर आम लोगों के बीच इस संगठन के प्रति सहानुभूति की भावना किसी भी वजह से बनी रह गई तो उससे बैन लगाने का मकसद प्रभावित होगा।

इसी से जुड़ा एक पहलू यह है कि चूंकि इन संगठनों पर खास समुदाय के लोगों में कट्टरता फैलाने और अन्य धर्मों से जुड़े लोगों के खिलाफ नफरत की भावना भड़काने का आरोप है, इसलिए यह और जरूरी हो जाता है कि सरकार या सत्ता पक्ष से जुड़े अन्य संगठन इस मामले में खास तौर पर पाक-साफ नजर आएं। अगर इन संगठनों पर किसी भी रूप में धार्मिक पक्षपात करने या किसी धर्म विशेष के प्रति नफरत फैलाने की मुहिम से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में जुड़े होने के आरोप लगेंगे तो सरकार की ऐसी कार्रवाइयों का असर कम होगा। अतीत में धर्म संसद जैसी घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिए और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। तीसरी और आखिरी बात यह है कि अब तक ये संगठन खुले रूप में चल रहे थे तो इन पर नजर रखना आसान था। बैन होने के बाद बहुत संभव है कि इनसे जुड़े कुछ तत्व गोपनीय रूप से राष्ट्रविरोधी या आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करें। वैसे भी अनुभव बताता है कि बैन करने मात्र से किसी संगठन का प्रभाव हमेशा के लिए खत्म नहीं हो जाता। जाहिर है, सरकार को आगे और ज्यादा सतर्कता से कदम बढ़ाने होंगे।

# उलझी दुनिया को सुलझाने लगा भारत

प्रशांत झा

अभी दुनिया भर में काफी ज्यादा उलझन है। मगर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर को न्यूयॉर्क में छह दिन और वाशिंगटन की उनकी यात्रा के शुरुआती दो दिन कवर करते हुए मुझे यह सहज एहसास हुआ कि भारतीय कूटनीति किस कुशलता से इस अनिश्चित दुनिया से निपट रही है।

नई दिल्ली के लिए मौजूदा हालात खास हैं। रूस और यूक्रेन आपस में उलझे हुए हैं, लेकिन दोनों भारत के साथ दोस्ती के हिमायती हैं और नई दिल्ली को युद्ध के मामले में अपने पक्ष में करना चाहते हैं। यूरोप और अमेरिका इस जंग के प्रमुख खिलाड़ी हैं, जो कीव की मदद कर रहे हैं, लेकिन रूस के लिए मुश्किलें बढ़ाने वाली उनकी किसी कार्रवाई में भारत के भाग न लेने और उसकी उदासीनता के बावजूद वे नई दिल्ली के रुख से संतुष्ट हैं। एशिया, अफ्रीका व लातीन अमेरिका के छोटे-छोटे देश युद्ध के खिलाफ हैं और वे इस बात से दुखी हैं कि बिना किसी गलती के उनको इसका खमियाजा भुगतना पड़ रहा है। मगर दुनिया भारत की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देखती है, क्योंकि वह युद्ध के परिणामों के बारे में उन वैश्विक मंचों पर अपनी बात साफगोई से कह सकता है, जहां उस दुनिया की पहुंच बहुत कम है। संयुक्त राष्ट्र का शीर्ष नेतृत्व तो भारत को घटनाक्रम से अवगत करा रहा है और इस तनातनी को खत्म करने के महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में उस पर भरोसा करता है।

जाहिर है, युद्ध से जुडे. और इससे परे अहम रणनीतिक व विकास संबंधी मुद्दों पर दुनिया भारत का साथ चाहती है। कोई इसे विदेश मंत्रालय का वक्तव्य समझने की भूल न करे, बल्कि निजी अनुभव है। हिन्दुस्तान टाइम्स ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के अलावा सात देशों के विदेश मंत्रियों से अलग से बात की, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों से चर्चा की और दो सप्ताह पहले लॉस एंजिल्स में इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क मीट के इतर कई दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के राजनयिकों का मत जाना। ये तमाम लोग भारत का अधिकाधिक साथ चाहते हैं।

जहां ऑस्ट्रिया, एस्टोनिया और फिनलैंड ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के युद्ध संबंधी बयान पर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी की तारीफ की और नई दिल्ली के साथ द्विपक्षीय रिश्ते को मजबूत बनाने पर जोर दिया, वहीं मेडागास्कर ने यह बात दोहराई कि वह किस तरह से भारत, भारतीयता और हिंद महासागर से जुड़ा रहा है। उसकी इच्छा है कि छोटे देशों पर युद्ध के असर को कम करने के लिए नई दिल्ली के साथ साझेदारी बढ़ाई जाए। इसी तरह, ऑस्ट्रेलिया ने क्वाड में भारत की भागीदारी की सराहना की, तो लीबिया चाहता था कि उसके संक्रमणकालीन दौर में नई दिल्ली अधिक भागीदारी करे और त्रिपोली में अपना दूतावास फिर खोले। बोलीविया जहां लिथियम के दोहन संबंधी परियोजनाओं में हिस्सेदारी के लिए भारत को बुलाना चाहता है, तो दक्षिण एशियाई राष्ट्र चाहते हैं कि भारत इस क्षेत्र में संतुलन लाने के लिए और अधिक सक्रियता दिखाए, जबकि वे आर्थिक रूप से चीन के साथ कहीं अधिक मजबूती से जुड़े हुए हैं।

एक सार्वजनिक कार्यक्रम में यदि गुयाना के विदेश मंत्री ने रुंधे गले से महामारी के दौरान भारत की तरफ से मिली मदद के लिए शुक्रिया कहा, तो यमन ने भारत की खाद्य सहायता की तारीफ की। अगर तंजानिया मौजूदा दौर के तमाम बड़े मुद्दों पर भारत से सहमत है, तो संयुक्त राष्ट्र भारत के डिजिटल-संचालित वित्तीय समावेशन, कल्याण और नकद हस्तांतरण मॉडल को समझने व दोहराने का पक्षधर है।

अमेरिका के ही कई हलकों को लें। जहां पेंटागन चीन की चुनौती के बारे में स्पष्ट था और उसने भारत से कहा कि वह द्विपक्षीय सैन्य अभ्यासों को मजबूत बनाना चाहता है, तो अमेरिकी वैज्ञानिकों ने भारत के साथ हर क्षेत्र की उन्नत तकनीकों पर काम करने को लेकर उत्सुकता दिखाई। फिर चाहे वह राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला हो, आर्थिक सहयोग का या फिर प्रतिभाओं का हरसंभव लाभ उठाने का। यदि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने मंगलवार के आधिकारिक समझौते से पूर्व वैश्विक हालात पर विचार-विमर्श के लिए भारतीय विदेश मंत्री को सोमवार को रात्रिभोज पर आमंत्रित किया, तो वाणिज्य मंत्रालय अमेरिकी कंपनियों को भारत भेजने व प्रमुख सामग्रियों की आपूर्ति शृंखला में नई दिल्ली की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी को लेकर आशान्वित दिखा। ह्वाइट हाउस भारत को स्पष्ट समर्थन देते हुए सुरक्षा परिषद में सुधार को अपना स्वर दे रहा है, तो संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ मिलकर काम कर रहा है। यहां आप पाकिस्तान के बेजा विलाप से कतई विचलित न हों। भारत की व्यस्तता कुछ अलग किस्म की है।

ये वे चंद बातें हैं, जो हाल-फिलहाल भारत को लेकर कही गई हैं। इसका अर्थ है कि भारत खुद को बहुत मुफीद स्थिति में देख रहा होगा। चीन नई दिल्ली को अमेरिकी रणनीतिक गुणा-भाग में अहम मानता है, पर रिश्ते सिर्फ वाशिंगटन तक सीमित नहीं हैं। मित्र-राष्ट्रों की चाहत और आर्थिक व सुरक्षा जुड़ाव दिल्ली को मास्को के लिए भी महत्वपूर्ण बना देता है। फ्रांस भारत की सामरिक स्वायत्तता संबंधी परंपरा का मुरीद है, तो मध्य यूरोपीय, बाल्टिक और स्कैंडिनेवियाई देशों को दिल्ली की युद्ध की मुखालफत पसंद है। जापान और ऑस्ट्रेलिया मित्र राष्ट्र हैं। पश्चिम एशियाई देशों और इजरायल के साथ संबंध कभी इतने अच्छे नहीं रहे। यानी, अपने विकास मॉडल को बढ़ाने और दुनिया के कुछ हिस्सों में उसके विस्तार की क्षमता नई दिल्ली को वैश्विक स्थिति के लिहाज से आकर्षक बना रही है। सांस्कृतिक संबंध कैरिबियाई, अफ्रीका और प्रशांत द्वीप समूह में भारत को लोकप्रिय बनाते हैं। बाजार का आकार, तकनीक में बढ़त और अंतरराष्ट्रीय रिश्तों में समझाने-बुझाने वाला नजरिया, यानी सॉफ्ट पावर तो भारत के कुल रुतबे में इजाफा करता है।

ये सब रणनीतिक विकल्प चुनने, अपनी आर्थिक ताकत बढ़ाने, वैश्विक जनता की भलाई में योगदान देने का दबाव भारत पर बनाते हैं, और यह सुनिश्चित करने की ताकीद भी करते हैं कि वह लोकतंत्र व बहुलतावाद का प्रकाश स्तंभ बना रहेगा। यदि भारत वैश्विक राजनीति को यूं ही दिशा देता रहा, तो दुनिया के लिए यह काफी अच्छा सहयोगी साबित होगा। साफ है, यह वक्त हमारे लिए काफी अहम है।

# प्रतिबंध के बाद

सद्भाव की राह छोड़कर कट्टरता का प्रसार करने वाले किसी भी संगठन पर प्रतिबंध स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। पिछले दिनों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं और एनआईए व अन्य सुरक्षा एजेंसियां लगातार जांच व धरपकड़ में लगी थीं। ऐसे 19 मामले हैं, जिनके तार पीएफआई से जुड़े बताए जाते हैं। मंगलवार को भी इस संगठन के 170 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। उसके बाद ही गृह मंत्रालय ने पीएफआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगाया है। आतंकी जुड़ाव को लेकर यह कार्रवाई की गई है और कई राज्यों ने केंद्र सरकार से पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। सबसे पहले साल 2012 में केरल ने इस संगठन पर संदेह जताया था। देश को सुरक्षित रखने के लिए ऐसी कार्रवाइयां समय-समय पर होती रही हैं। एक समय देश में खूब आतंकी हमले होते थे और उनके पीछे ऐसे अन्य कट्टरपंथी संगठनों का नाम आता था। स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर साल 2001 में प्रतिबंध लगाया गया था और साल 2008 में भी सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध बनाए रखने के लिए कहा।

बताया जाता है कि पीएफआई में सिमी सहित तीन अन्य संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हो गए थे। इधर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के कारण यह संगठन अपने जैसे अन्य संगठनों के साथ मिलकर लगातार सरकार की तीखी आलोचना में जुटा था। गृह मंत्रालय का साफ कहना है कि ठोस सुबूत मिलने और एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है। वैसे इस प्रतिबंध को अदालती चुनौती देने का रास्ता खुला है, पर पीएफआई के कार्यकर्ताओं के लिए मुश्किलें तब बढ़ेंगी, जब उनके खिलाफ सुरक्षा एजेंसियां अकाट्य प्रमाण पेश करेंगी। आतंकवाद से किसी के प्रत्यक्ष या परोक्ष संबंध को हल्के में नहीं लिया जा सकता। पीएफआई अगर किसी देश विरोधी आपराधिक और आतंकी मामले में शामिल नहीं रहा है, तो उसे अदालत में यह साबित करना होगा। उसे साबित करना होगा कि यह संगठन भारत के लिए किसी प्रकार से खतरा नहीं है और उसे बाहरी स्रोतों से जायज धन व संविधान सम्मत समर्थन मिल रहा है। क्या पीएफआई खाड़ी के देशों में भारत के खिलाफ एजेंडा चलाकर धन जुटाता है? आरोप है कि वह विदेश में एक अखबार चलाता है, जिसका नाम तेजस गल्फ डेली है, जो कट्टरपंथ को हवा देने का काम करता है।

इसमें कोई शक नहीं कि कट्टरता के खिलाफ भारत में सतत अभियान चलाने की जरूरत है। सुरक्षा एजेंसियां इस काम को अंजाम देती रही हैं, पर उन्हें ज्यादा मुस्तैदी से काम करना होगा। दुनिया की नजर भारत पर है। जो देश अपने यहां कट्टर नीतियों का अनुसरण करते हैं, वे भी भारत से उदारता या धर्मनिरपेक्षता की उम्मीद करते हैं। भारत अपनी स्थापित छवि के अनुरूप आचरण करे, इससे बेहतर और कुछ हो नहीं सकता। धर्म के नाम पर बनने या चलने वाले संगठनों को विशेष रूप से संविधान पर गौर करना चाहिए।

# दिल से कीजिए दिल की सुरक्षा

रविशंकर

अनियमित दिनचर्या, तनाव, खानपान में लापरवाही, पर्यावरण प्रदूषण और कई अन्य कारणों से वर्तमान समय में हृदय संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

न केवल बड़ी उम्र या बुजुगरे में, बल्कि छोटी उम्र के बच्चों और किशोरों में भी दिल की समस्याएं बढ़ी हैं। यही वजह है कि मौजूदा समय में दिल की बीमारी पूरी दुनिया में गंभीर समस्या बनकर उभरी है। दुनिया भर के लोगों को दिल के रोगों को बताने और उन्हें उनसे बचाने के लिए हल साल 29 सितम्बर का दिन विश्व हृदय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हृदय से संबंधित रोगों से जागरूक करना है क्योंकि आज हार्ट पेशेंट उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि कम उम्र के बच्चे भी हो जाते हैं।

विश्व हृदय दिवस मनाने की शुरुआत सन 2000 में की गई थी। इस दिवस की शुरुआत विश्व हृदय संघ के निदेशक एंटोनी बेस दे लुना ने डब्ल्यूएचओ के साथ मिलकर की थी जिससे मानव हृदय संबंधी रोगों की जानकारी पाकर स्वस्थ जीवन शैली को अपना कर हृदय संबंधी रोगों से दूर रह सके। दुनिया में लाखों लोग ऐसे हैं, जो हार्ट की बीमारियों से जूझ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दिल की बीमारी की वजह से हर साल लगभग 17.9 मिलियन लोगों की मौत हो जाती है।

यह वैश्विक मृत्यु दर का 31 फीसदी हिस्सा है। भारत में हर पांचवा व्यक्ति दिल का मरीज है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल करीब 20 लाख लोग दिल के दौरे से पीड़ित होते हैं, जिनमें ज्यादातर युवा हैं। शहर में रहने वाले पुरु षों को, गांव में रहने वाले पुरु षों से दिल के दौरे की संभावना तीन गुना अधिक होती है। दरअसल, भारत में गलत लाइफस्टाइल, तनाव, एक्सरसाइज न करने और खाने-पीने में लापरवाही की वजह से लोगों को दिल से संबंधित गंभीर रोग होने लगे हैं। दिल की बीमारी का संबसे गंभीर खतरा हाल के साल में रहा है। यह बीमारी आज कम उम्र के लोगों में अधिक देखने को मिल रही है।

बहरहाल, भारत में दिल के रोगियों की संख्या विश्व भर में सबसे अधिक है। यू कहें दिल का रोग आज दुनिया का नम्बर वन किलर बन गया है। पहले विश्व भर में सबसे अधिक मौत का कारण संक्रामक रोग या भुखमरी मानी जाती थी और दिल के रोगी औद्योगिक देशों और अमीरों में ही ज्यादा मिलते थे। लेकिन आज यह आम आदमी का रोग बन गया है। आंकड़े बताते हैं कि एशियाई देशों में कुल मौतों में से 50 प्रतिशत का कारण दिल के रोग हैं। विकासशील देशों में तो दिल की बीमारी के कारण ही निम्न व मध्यम आय वर्ग के 80 प्रतिशत लोग जान गंवा बैठते हैं परंतु आज कोई भी देश इस बीमारी से अछूता नहीं है।

यही कारण है कि आज विशाल दुनिया को इस छोटे से दिल की चिंता सता रही है। विश्व के 60 प्रतिशत हृदय रोगी भारत में हैं। हमारे देश के लिए तो ये आंकड़े और भी दिल दहलाने वाले हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि दिल के रोगों और आघातों का सबसे ज्यादा खतरा भारत में ही है लेकिन ज्यादा चिंता की बात यह है कि यह रोग 30 से 40 की उम्र के युवाओं में ज्यादा बढ़ रहा है। इंडियन हार्ट एसोसिएशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में करीब 25 प्रतिशत दिल के मरीजों की उम्र 40 वर्ष से कम है। यह आंकड़ा पश्चिम के देशों से दोगुना है। गंभीर बात यह भी है कि पहले दिल के रोग पुरु षों में ज्यादा होते थे पर अब महिलाओं को तीव्रता से अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं। कुछ शोधों से पता चला है कि विश्व की कुल महिलाओं, जिन्हें हृदय संबंधी रोग है, का 15 प्रतिशत भारतीय महिलाओं का आकड़ा है।

हृदय रोग से संबंधित बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है, इसके लिए कोई निर्धारित उम्र नहीं होती लेकिन भारत में दिल के रोगों के मंडराते बादल ज्यादा काले और डरावने हैं। हृदय के साथ होने वाली छेड़छाड़ का ही नतीजा है कि विश्व भर में हृदय के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। एक अनुमान के अनुसार, भारत में 10.2 करोड़ लोग इस बीमारी की चपेट में हैं जबकि भारत तो योग, संस्कृति और संस्कार वाला देश है जो अपनी प्राचीन परंपराओं पर चले तो यहां ये खतरे सबसे कम हों। लेकिन हमारी इन मान्यताओं को यूरोपीय, पश्चिमी देश अपना कर दिल के रोगों के खतरों को कम करने में लगे हैं, और हम वे सब भूलकर आ बैल मुझे मार की कहावत चरितार्थ कर रहे हैं।

गलत खानपान, व्यायाम की कमी, धूम्रपान या मादक द्रव्यों का सेवन, अत्यधिक वजन, उच्च रक्त चाप, तथा मधुमेह इत्यादि इसके खतरे बन सकते हैं। हृदय रोगों का तेजी से बढ़ना और उससे होने वाली मौतों के आंकड़ों को देखते हुए हृदय के प्रति गंभीर रवैया अपनाने की आवश्यकता है। समय रहते हृदय से जुड़ी समस्याओं पर काबू नहीं पाया गया, तो यह बीमारी भारत सहित दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन जाएगी। लिए जरूरी है कि हृदय के प्रति कुछ सावधानियां अपनाई जाएं। उनका सख्ती से पालन किया जाए ताकि इस गंभीर बीमारी से बचे रहा जा सके।

# अमेरिका का पाकिस्तान प्रेम

डॉ. रहीस सिंह

आप इस प्रकार की बातें कहकर किसी को मूर्ख नहीं बना सकते। हर कोई जानता है कि एफ-16 का कहां और किसके खिलाफ इस्तेमाल किया जाता है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह बात अमेरिकी धरती पर खड़े होकर कही। बीती 25 तारीख को भारतीय अमेरिकी समुदाय की ओर से वाशिंगटन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने उनसे पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के लिए अमेरिका के रखरखाव पैकेज के संबंध में सवाल पूछा था। यह उसी का जवाब था।

अमेरिका या तो निर्मम तानाशाह है अथवा विशुद्ध व्यापारी। यही कारण है कि भारत द्वारा आपत्ति दर्ज काराए जाने पर उसकी तरफ से जवाब आया कि यह मदद पाकिस्तान की काउंटर-टेररिज्म क्षमता में वृद्धि के लिए दी जा रही है। सवाल उठता है कि क्या वास्तव में पाकिस्तान 450 मिलियन डॉलर की मदद से एफ-16 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड कर अपनी काउंटर-टेररिज्म क्षमता में वृद्धि करेगा या फिर भारत के साथ छद्म युद्ध (प्रॉक्सी वॉर) को प्रभावी बनाने में? एक बात और, वर्ष 2018 में डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को दी जाने वाली 2 अरब डॉलर की सुरक्षा सहायता यह कहते हुए स्थगित कर दी थी कि पाकिस्तान अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क जैसे आतंकी समूहों पर कारगर कार्रवाई करने में विफल रहा है। तो क्या अब बात गलत साबित हो चुकी है? क्या पाकिस्तान का आतंकवाद कनेक्शन अब नहीं रहा? यदि हां, तो फिर जवाहिरी का पता पाकिस्तान को कैसे मालूम था? यदि हां, तो आज भी पाकिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से लेकर दर्जनों आतंकवादी संगठन सीना फुलाए क्यों घूम रहे हैं? आखिर, बाइडेन प्रशासन पाकिस्तान पर इतना मेहरबान क्यों हो रहा है?

अमेरिकी प्रशासन की तरफ से दिया जा रहा तर्क पूरी तरह से आधारहीन और तथ्यहीन है, यह पूरी दुनिया जान रही है और अमेरिका के लोग भी। लगता है कि बाइडेन तो 9/11 से लेकर अब तक अफगानिस्तान-पाकिस्तान समीकरण को भी याद नहीं रख पा रहे हैं। या ऐसा करना नहीं चाहते। फिर तो अमेरिका को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को समाप्त घोषित कर देना चाहिए क्योंकि 450 मिलियन डॉलर की मदद पाकिस्तान पोषित आतंकवाद को नई ऊर्जा ही नहीं नई टैक्टिस भी प्रदान कर सकता है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि अमेरिका ने ऐसा फैसला लेते समय भारतीय हितों की चिंता क्यों नहीं की जबकि भारत अमेरिका का मेजर डिफेंस पार्टनर है। कुछ विश्लेषक कह सकते हैं कि अमेरिका पाकिस्तान को अल जवाहिरी को मरवाने के बदले में पुरस्कार दे रहा है लेकिन अमेरिकी प्रशासन क्या इसके माध्यम से यह साबित नहीं कर रहा है कि अमेरिका ने अब आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की दिशा मोड़ दी है। अब उसका रवैया आक्रामक नहीं, बल्कि सहयोगात्मक है।

लगता है कि बाइडेन ने भारत को देखने वाला चश्मा बदला नहीं है, वे अभी भी भारत को 1990 के दशक वाले चश्मे से देख रहे हैं। इसलिए जान नहीं पा रहे कि दुनिया ने भारत को देखने का नजरिया बदल लिया है। भारत आज कॉन्टिनेंटल और मैरीटाइम पॉवर है। बाइडेन शायद यह भी भूल गये हैं कि दोनों देशों का रक्षा सहयोग ठोस सामरिक आधार पर विकसित हुआ है। यहां इसकी एक छोटा सा अनुरेखण आवश्यक प्रतीत होता है। दरअसल, पोकरण 2 के बाद भारत-अमेरिका संबंधों की खाई चौड़ी होने के बाद बिल क्लिंटन की यात्रा के साथ दोनों के बीच संबंधों का सामान्यीकरण आरंभ हुआ था। इसी दौर में अमेरिका ने भारत के सामने 4 फाउंडेशनल समझौतों की पेशकश की जो अटल बिहारी वाजपेयी रेजीम से शुरू हुए और नरेन्द्र मोदी रेजीम में 2 ख्वलस 2 वार्ता के बाद बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट फॉर जियो-स्पेशयल कोऑपरेशन (बेका) यानी अंतिम फाउंडेशनल समझौते तक पहुंचे। यह वाजपेयी रेजीम के भारत-अमेरिका के स्वाभाविक सहयोगी से मोदी-ट्रंप रेजीम में प्रमुख रणनीतिक साझीदार तक की यात्रा थी जिसे 21वीं सदी की दुनिया में नई विश्व व्यवस्था के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभानी थी। आयाम थे।

पहला-भारत और अमेरिका भविष्य में महत्त्वपूर्ण और संवेदनशील खुफिया जानकारी साझा करेंगे और दूसरा, भारत अमेरिका से सबसे उन्नत हथियार और उपकरण खरीद सकेगा। कूटनीति के इस उद्विकास क्रम में रक्षा पर विशेष फोकस की कुछ वजहें रहीं जिनमें प्रमुख थी-बदल रही विश्व व्यवस्था (वर्ल्ड ऑर्डर)। इन्हें रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जा करने, सीरिया में चल रहे संघर्ष और प्रशांत महासागर में चीनी आक्रामकता अथवा इंडो-प्रशांत में भारत-अमेरिका-जापान-ऑस्ट्रेलिया के बीच बन रहे रणनीतिक चतुर्भुज (क्वाड) में देखा जा सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध को भी इसी श्रृंखला में एक कड़ी माना जा सकता है। ऐसी स्थिति में आवश्यक हो जाता है कि दो देशों (विशेषकर उनके जो विश्व व्यवस्था में अपना स्थान बरकरार रखना चाहते हैं) के बीच स्थापित संबंधों को मुख्य रूप से रक्षा और सामरिक रणनीति की तैयारियों की ओर मोड़ दिया जाए। भारत और अमेरिका ने यही किया भी। नि:संदेह इससे भारत का लाभ मिला। अमेरिका भारत को एसटीए-1 (कंट्रीज एनटाइटल्ड टू स्ट्रैटेजिक ट्रेड अथॉराइजेशन) की श्रेणी प्रदान कर चुका है, जो पहली बार किसी गैर-नाटो देश के रूप में भारत को दी गई है।

कुल मिलाकर बाइडेन प्रशासन का पाकिस्तान प्रेम कुछ और ही संकेत कर रहा है। वह भूल रहा है कि उसके इस पाकिस्तान प्रेम से 9/11 के बाद शुरू हुए वॉर इंड्यूरिंग फ्रीडम की हवा निकल जाएगी। शायद यह भी भूल रहा है कि आज की बहुध्रुवीय दुनिया अमेरिकी वर्चस्ववाद को समाप्त करने में सफल रही है। आगे उसके लिए हर कदम पर कांटे होंगे और सबसे पहला कांटा पाकिस्तान नाम से चुभेगा।



# नवरात्र में व्रत रखने के साथ-साथ सेहत का ध्यान रखना भी जरूरी

नवरात्र में नौ दिन के व्रत में सामान्यत- फलाहार लिया जाता है। कुछ लोग केवल एक वक़्त खाते हैं और कुछ फलाहार के चलते सामान्य दिनों के मुकाबले अधिक असंतुलित आहार लेने लगते हैं। इससे शरीर को पोषण तो नहीं मिलता, लेकिन कैलोरी, वसा और शर्करा की मात्रा ज़रूर बढ़ जाती है। इसी तरह लंबे अंतराल के बाद जब कुछ खाते हैं तो

कि किन खाद्यों के सेवन से आप अपने व्रत को स्वास्थ्य की दृष्टि से भी सार्थक बना सकते हैं...

## पर्याप्त तरल पदार्थ

व्रत के दौरान शरीर को हाइड्रेटेड रखना भी ज़रूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी तो पीना ही है, साथ में अन्य तरल पदार्थ जैसे नींबू का जूस या शिकंजी और नारियल पानी भी पिएं। फलों का रस ले सकते हैं लेकिन छाने बिना यानी कि जिसमें फल के रेशे भी हों। फलों के रस के साथ-साथ फाइबर भी मिलेगा जो कि भोजन को पचाने के लिए बहुत ज़रूरी है। तरल पदार्थ से शरीर को ज़रूरी विटामिन और खनिज मिलेंगे। फाइबर युक्त भोजन लेने की दूसरी वजह यह भी है कि व्रत के दरमियान कम भोजन ग्रहण करने से कब्ज़ की समस्या हो सकती है। इसलिए

लोग ले सकते हैं जिन्हें फल खाना पसंद नहीं या चबा नहीं सकते। यह भी ध्यान रखें कि जूस घर का बना ही पीना है।

## खानपान की सलाह

कम होती है और पोषक तत्वों की मात्रा अधिक होती है। इसी तरह कम वसा युक्त दही, लस्सी और छाछ ले सकते हैं। तेल की बहुत कम मात्रा में भुनी हुई मूंगफली, कुट्टू के आटे की रोटियां ले सकते हैं। कम तेल या घी में बने हुए फलाहारी आलू, साबूदाना खिचड़ी या टिक्की ले सकते हैं। तेल में तली हुई टिकिया खाने से बचें। आलू के बजाय लौकी की सब्ज़ी और हलवा (कम घी में) ले सकते हैं। सबसे ज़रूरी बात, व्रत के दौरान घर का बना शुद्ध भोजन ही खाएं।

## फल-सब्जियां लें

व्रत में फल और सब्ज़ियों के सलाद का सेवन कर सकते हैं। एक या

पर्याप्त मात्रा ले सकते हैं। गैर मौसमी फल, जैसे तरबूज़, ख़रबूज़, संतरे आदि का सेवन बिल्कुल न करें। वहीं सब्ज़ियों में खीरा, टमाटर, चुकंदर, हरा धनिया और शकरकंद आदि पर सेंधा नमक और काली मिर्च पाउडर डालकर खाया जा सकता है।

## थोड़ा-थोड़ा खाएं

ऐसे कई लोग हैं जो व्रत के दौरान दिनभर कुछ नहीं खाते, और जब खाते हैं तो भूख से अधिक खा लेते हैं, जैसे कि एक प्लेट भरकर फलाहारी आलू, सिंघाड़े का हलवा, थोड़े-से आलू के चिप्स और एक गिलास दूध। इससे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचेगा और वज़न भी बढ़ेगा। एक-साथ खाने के बजाय बेहतर है कि आप दिनभर में तीन-चार बार थोड़ा-थोड़ा खाएं।

## शरीर को आराम दें

इस दौरान खानपान में बदलाव होने के कारण आपके दिमाग़ और शरीर को खानपान के पैटर्न को समझने में समय लगेगा। इस स्थिति में थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है या चिड़चिड़ाहट हो सकती है। बेहतर होगा कि समय-समय पर आराम करें। रात को जल्दी सोएं और भरपूर नींद लें। यदि दफ़्तर में हैं तो दिमाग़ और शरीर को अधिक मेहनत न कराएं।



दिवाली की तैयारी कई महीनों पहले से ही शुरू हो जाती है। अमूमन महिलाएं दिवाली से पहले अपने घर के कोने-कोने की सफाई कंप्लीट कर लेना चाहती हैं। यूं तो हम सभी अपने घर को समय-समय पर साफ करते हैं, लेकिन दिवाली के अवसर पर घर के हर कोने को साफ किया जाता है।



# दिवाली पर आपकी क्लीनिंग को बेहद आसान बनाएंगे ये गैजेट्स

दिवाली वर्ष में एक बार आने वाला ऐसा त्योहार होता है, जिसकी तैयारी कई महीनों पहले से ही शुरू हो जाती है। अमूमन महिलाएं दिवाली से पहले अपने घर के कोने-कोने की सफाई कंप्लीट कर लेना चाहती हैं। यूं तो हम सभी अपने घर को समय-समय पर साफ करते हैं, लेकिन दिवाली के अवसर पर घर के हर कोने को साफ किया जाता है। अगर आप दिवाली की सफाई बिना किसी परेशानी के बेहद ही आसान तरीके से करना चाहती हैं तो इन गैजेट्स की मदद ले सकती हैं। हालांकि, ऐसा करने में बहुत अधिक समय व मेहनत खर्च करना पड़ता है। कई बार महिलाओं का बहुत अधिक समय दिवाली की सफाई करने में ही खर्च हो जाता है। लेकिन अगर आप अपने समय व मेहनत को बचाना चाहती हैं तो कुछ गैजेट्स को खरीद सकती हैं। यह क्लीनिंग गैजेट्स आपके घर की सफाई के काम को ना केवल आसान बनाते हैं, बल्कि इससे आपको अधिक बेहतर रिजल्ट भी मिलते हैं।

## खरीदें स्क्रीन क्लीनिंग ब्रश



यह एक मल्टीफ़ंक्शनल स्क्रीन ब्रश होता है, जिसकी मदद से आप ग्लॉस, खिड़कियों, काउंटरटॉप आदि कई जगहों की बेहद आसानी से सफाई कर सकती हैं। आप इसे लिंट ब्रश के रूप में भी उपयोग कर सकती हैं और अपने कपड़े, सोफे आदि से धूल और बालों को हटा सकते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसे गीला व व सूखा दोनों तरह से इस्तेमाल किया जाता है। धूल हटाने की सफाई इसे सूखा उपयोग करें, वहीं विंडो क्लीन करने के लिए इसे गीला इस्तेमाल करें।

## खरीदें माइक्रोफाइबर फैन क्लीनिंग डस्टर



यह एक बेहद ही काम का प्रोडक्ट है, जो दिवाली की क्लीनिंग के दौरान आपके बेहद ही काम आने वाला है। यह वास्तव में एक फैन क्लीनिंग डस्टर है, लेकिन आप इससे सिर्फ फैन ही नहीं, बल्कि अपने घर के कई कोनों को आसानी से साफ कर सकती है। फर्श की सफाई करने से लेकर आप झूमर, दीवारें व कई ऐसी जगहों को क्लीन कर सकती हैं, जिसे हाथों की मदद से साफ करना काफी कठिन है। माइक्रोफाइबर फैब्रिक के उपयोग के कारण आपको अधिक बेहतर रिजल्ट मिलता है।

## खरीदें शॉवर हेड क्लीनिंग ब्रश

दिवाली की सफाई के दौरान बाथरूम को साफ करना काफी मुश्किल होता है और इसमें काफी वक्त भी लगता है। मसलन, अगर आप शॉवर हैड को क्लीन करते हैं तो उसके छोटे-छोटे छेदों को साफ करना यकीनन एक टफ टास्क है। ऐसे में आप शॉवर हेड क्लीनिंग ब्रश का इस्तेमाल करें। इसके ब्रश ऐसे होते हैं जो उन छोटे छेदों को अनक्लॉग करके उसे अच्छी तरह साफ करने में आपकी मदद करते हैं। हालांकि, इस ब्रश की मदद से आप शॉवर हेड के अलावा अपना फोन या घर की टैप आदि को भी साफ कर सकती हैं।

## खरीदें इलेक्ट्रिक स्पिन स्क्रबर

दिवाली पर जब महिलाएं अपने घर को साफ करना शुरू करती हैं तो वह हर कोने को साफ करने के लिए उसे अच्छी तरह रगड़ती हैं। जिसके कारण उनके हाथों से लेकर कमर तक में दर्द हो जाता है। लेकिन अगर आप इस दिवाली इलेक्ट्रिक स्पिन स्क्रबर खरीदती हैं तो आपको अपने घर को रगड़ने की मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। आप अपने फर्श से लेकर दीवारों, शॉवर, बाथटब, किचन आदि जगहों पर इस इलेक्ट्रिक स्पिन स्क्रबर का इस्तेमाल करें। यह कुछ ही मिनटों में उस जगह को एकदम से चमका देगा।



# बाजार से परफ्यूम क्यों खरीदना ? बस इन एसेंशियल ऑयल का करें इस्तेमाल

**गुलाब के फूलों की खुशबू से बेहतर दूसरी खुशबू शायद ही कोई और हो। इसलिए आप रोज एसेंशियल ऑयल को बतौर परफ्यूम इस्तेमाल करें। इसकी महक काफी तेज होती है, इसलिए आपको इस तेल का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से करना चाहिए। एक बूंद आपको प्यारी महक देगी।**

हम सभी अपनी डे टू डे लाइफ में तरह-तरह के परफ्यूम का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। इनकी महक आपको एक फील गुड देता है। लेकिन कई लोगों को परफ्यूम के इस्तेमाल के कारण परेशानी होती है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप एसेंशियल ऑयल को ही परफ्यूम की तरह इस्तेमाल करें। यह ना केवल आपको पूरा दिन महकाने में मदद करेंगे, बल्कि आपको अन्य भी कई लाभ मिलेंगे। कई परफ्यूम में फ़ेथलेट्स जैसे हानिकारक सिंथेटिक तत्व होते हैं, वहीं दूसरी ओर एसेंशियल ऑयल सिंथेटिक नहीं होते हैं और इनमें वास्तव में उपचार गुण हो सकते हैं।

## जैसमीन एसेंशियल ऑयल

जैसमीन एसेंशियल ऑयल एक ऐसा ऑयल है, जिसे परफ्यूम के रूप में आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। यह महंगा है, लेकिन किसी खास अवसर के लिए इसे इस्तेमाल किया जा सकता है। इस तेल में एक मीठी, फूलों की सुगंध है जो आपको ऐसा महसूस कराएगी कि आप चमेली के बगीचे से गुजर रहे हैं। चमेली के तेल में अपनी मादक सुगंध के अलावा चिंता को कम करने की क्षमता भी होती है। तो ऐसे में आप खुद को तनावमुक्त रखने के लिए भी इसके इस्तेमाल पर विचार कर सकते हैं।

## रोज एसेंशियल ऑयल

गुलाब के फूलों की खुशबू से बेहतर दूसरी खुशबू शायद ही कोई और हो। इसलिए आप रोज एसेंशियल ऑयल को बतौर परफ्यूम इस्तेमाल करें। इसकी महक काफी तेज होती है, इसलिए आपको इस तेल का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से करना चाहिए। एक बूंद आपको प्यारी महक देगी।

## इलंग इलंग एसेंशियल ऑयल

इलंग इलंग एसेंशियल ऑयल इलंग इलंग फूलों से बनाया जाता है। इसकी सुगंध काफी आनंददायक होती हैं। यह आपको एक खुशनुमा अहसास करवाती है। अगर आप चाहें तो इसे भी बतौर परफ्यूम इस्तेमाल करने पर विचार कर सकते हैं। इसकी खुशबू काफी रोमांटिक होती है। इंडोनेशिया में तो नवविवाहितों के पलंगों के ऊपर इलंग इलंग के फूल बिछाए जाते हैं।



# फलाहार के नए स्वाद

## स्टफ्ड साबूदाना बड़ा, मीठे में पान की मिठाई और फलों का श्रीखंड बनाएं

नवरात्र में व्रत के दौरान फलाहार को लेकर अक्सर असमंजस बना रहता है कि हर रोज़ ऐसा क्या बनाएं, जो स्वाद में नयापन लिए हो और सेहत के लिहाज़ से भी ठीक हो। आपकी इस मुश्किल को दूर करने के लिए हम नौ दिनों के लिए नौ ख़ास रेसिपी यहां प्रस्तुत कर रहे हैं। इन्हें तैयार करने में समय भी कम लगेगा और व्रत में नया फलाहार भी मिलेगा।

## स्टफ्ड साबूदाना वड़ा



### क्या चाहिए

दही- 5 बड़े चम्मच (हंग कर्ड), जीरा पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच, आलू- 4 मध्यम आकार के उबले हुए, साबूदाना- 1 कप (6-8 घंटे पानी में

मूंगफली- 1/2 कप दरदरी पिसी, हरा धनिया- आवश्यकतानुसार, सेंधा नमक- स्वादानुसार, काली मिर्च पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच। भरावन के लिए- दही- 5 बड़े चम्मच (हंग कर्ड), जीरा पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच, सेंधा नमक- स्वादानुसार।

### ऐसे बनाएं

बोल में आलुओं को मसल लें। इसमें साबूदाना, हरी मिर्च, हरा धनिया, सेंधा नमक, काली मिर्च पाउडर, अमचूर पाउडर और मूंगफली डालकर गूंध लें। अलग बोल में भरावन की सामग्री मिला

भरावन भरें। वड़े को बंद करके गर्म तेल में सुनहरा भूरा होने तक तल लें। साबूदाना वड़े को चटनी के साथ परोसें।

## पान की मिठाई



### क्या चाहिए

मिल्क पाउडर- 6 बड़े चम्मच, आइसिंग शुगर- 1 बड़ा चम्मच, खाने वाला नारियल तेल- 5 बड़े चम्मच, गुलकंद- 1 बड़ा चम्मच, पान का

लिए- फूल के आकार का सिलिकॉन सांचा।

### ऐसे बनाएं

मिक्सिंग जार में मिल्क पाउडर, आइसिंग शुगर, नारियल तेल, गुलकंद और पान का पत्ता डालकर पीस लें। अब सांचे में पहले 4-5 टूटी फ्रूटी डालें फिर थोड़ा पिसा हुआ मिश्रण डालकर अच्छी तरह से दबा दें। मिश्रण भरे सांचे को फ्रिज में रखें और आधे घंटे बाद निकालें। अब हल्के हाथों से सांचे को दबाते हुए मिठाई को बाहर निकाल लें। इसे सामान्य तापमान में लाकर या ठंडा ही सर्व करें।

## समा चावल फिरनी



### क्या चाहिए

समा के चावल- 1/4 कप, दूध- 500 मिली, शक्कर- स्वादानुसार, बादाम और काजू- 1/2-1/2 बड़ा चम्मच कटे हुए, पिस्ता- 1 छोटा चम्मच कटा हुआ, इलायची पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच, अनन्नास के टुकड़े- 1/4 कप, केसर- 5-6 धागे।

### ऐसे बनाएं

कड़ाही में दूध उबलने रखें। एक-दो उबाल आने पर समा के चावल

जब तक कि वो गाढ़ी न हो जाए। चावल पकने के बाद आख़िर में

काजू, पिस्ता और इलायची पाउडर डालकर मिलाएं। फिरनी को ठंडा करके अनन्नास के टुकड़े डालकर परोसें।

## पनीर-केला रोल्स

### क्या चाहिए

पनीर- 200 ग्राम, हरी मिर्च- 3 बारीक कटीं, नमक- स्वादानुसार, काली मिर्च- 1/4 छोटा चम्मच, हरा धनिया- ज़रूरत के अनुसार। लपेटने के लिए- कच्चे केले- 1-2, लौंग- 8-10, तेल- 2 बड़े चम्मच। सलाद के लिए- गाजर- 2 किसी हुई, ऑलिव ऑयल- 1 बड़ा चम्मच, तिल- 1/2 छोटा चम्मच, काली मिर्च पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच, नमक- स्वादानुसार।

### ऐसे बनाएं

कच्चे केले को छीलकर उसकी लंबी स्लाइस काट लें। इन स्लाइस को पैन में एक चम्मच तेल डालकर शैलो फ्राय करें। इन्हें टिशू पेपर

लें फिर इसमें हरी मिर्च, हरा धनिया, नमक और काली मिर्च पाउडर मिला दें। पनीर की छोटी-छोटी बॉल्स बना लें और केले की स्लाइस से लपेटकर उनमें लौंग लगा दें, ताकि ये खुलें नहीं। अब इन पनीर रोल्स को पैन में एक चम्मच तेल डालकर दोनों तरफ़ से सुनहरा होने तक शैलो फ्राय करें। सलाद बनाने के लिए कद्दूकस की हुई गाजर में नमक, काली मिर्च पाउडर, तिल और ऑलिव ऑइल मिलाएं। प्लेट में गाजर का सलाद और पनीर-केला रोल्स रखकर परोसें।



## अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से तीन रूसी अंतरिक्ष यात्री सकुशल वापस आये

मॉस्को। एक अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गये तीन रूसी अंतरिक्ष यात्री बृहस्पतिवार को सकुशल वापस आ गये। 'द सोयुज एमएस-21' नामक अंतरिक्ष यान आलेग आर्तेमयेव, डेनिस मातवेयेव और सेर्जेय कोर्साकोव को लेकर स्थानीय समय अपराह्न चार बजकर 57 मिनट (1057 जीएमटी) पर जमीन पर उतरा। यह झेजकाजगन शहर से 150 किलोमीटर दूर कजाकिस्तान केस्टेपीज घास के मैदान में उतरा। तीनों अंतरिक्ष यात्री स्टेशन पर गत मार्च में गये थे। आर्तेमयेव के लिए यह उनका तीसरा अंतरिक्ष अभियान था और वह अब तक अंतरिक्ष में कुल 561 दिन बिता चुके हैं। मातवेयेव और कोर्साकोव के लिए यह पहला अंतरिक्ष अभियान था और दोनों ने अंतरिक्ष स्टेशन पर 195 दिन बिताये। जब सोयुज कैप्शूल साफ आकाश में एक बड़े और लाल-सफेद धारीदार पैराशूट के जरियें उतर रहा था, तब आर्तेमयेव ने अभियान से जुड़े नियंत्रण कक्ष को बताया कि सभी सदस्य अच्छा महसूस कर रहे हैं।

## यूरोप में यौन रोग सिफलिस का कहर, पोर्न सितारों में दहशत, फिल्मों में काम किया बंद

लंदन (ईएमएस)। ब्रिटेन सहित पूरा यूरोप इन दिनों एक प्रकार के यौन रोग के कहर से जूझ रहा है जिसके चलते एडल्ट फिल्म अभिनेताओं में दहशत व्याप्त है जिसके चलते इन सितारों ने पोर्न फिल्मों में काम करना बंद कर दिया है। एक बीमारी है जो कि सेक्शुअली ट्रांसमिट होती है। सिफलिस नाम की इस बीमारी का संक्रमण तेज हो रहा है। इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक यूके में एडल्ट फिल्म ऐक्टर एक यूनियन बनाना चाहते हैं। अमेरिका में एडल्ट ऐक्टर्स के सेक्शुअल हेल्थ का डेटाबेस उपलब्ध करवाने वाली संस्था बीएएसएस ने कहा है कि कई लोग सिफलिस से संक्रमित पाए गए हैं जो कि एक खतरा बना हुआ है। सिफलिस एक बैक्टीरियल इन्फेक्शन है जो कि शारीरिक संबंधों के जरिए फैलता है। बैक्टीरिया का नाम ट्रैपोनेमा पैलिडम है। इसकी शुरुआत खुजली से होती है। हालांकि यह भयंकर रूप भी ले सकता है। इससे आंतरिक अंगों को नुकसान पहुंच सकता है। अगर किसी गर्भवती महिला को यह संक्रमण होता है तो बच्चा मरा हुआ भी पैदा हो सकता है। संक्रमित इंजेक्शन से भी इस संक्रमण की संभावना रहती है। एक एडल्ट ऐक्टर लियान यंग ने कहा, प्रोफेशनल पोर्न ऐक्टरों ने पिछले कुछ दिनों से काम बंद कर दिया है क्योंकि उन्हें सिफिलिस का चिंता है। उन्होंने कहा, जो बड़े ऐक्टर हैं वो ज्यादा चिंतित हैं। उन्हें बहुत नुकसान भी हो रहा है। यूरोप में इस बीमारी का अलर्ट है। कई फिल्मों की शूटिंग रोक दी गई है। ऐसे में प्रोड्यूसर और ऐक्टर दोनों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## चीन ने कहा कि पाकिस्तान के कराची में मारा गया व्यक्ति उसका नागरिक नहीं

बीजिंग। चीन ने कहा है कि बुधवार को पाकिस्तान के कराची में मारा गया व्यक्ति उसका नागरिक नहीं है। उसने बृहस्पतिवार को इस रिपोर्ट का भी खंडन किया कि यह पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को निशाना बनाकर किया गया एक और हमला हो सकता है। यहां संवाददाता सम्मेलन में यह पूछे जाने पर कि क्या यह चीनी नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी हमला था, चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, ''हम प्रासंगिक घटना के पीड़ितों के लिए संवेदना व्यक्त करते हैं। मेरा मानना है कि संबंधित व्यक्ति चीनी नागरिक नहीं है।'' पाकिस्तान अधिकारियों ने बुधवार को कहा था कि कराची शहर में बुधवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक दंत चिकित्सालय के अंदर गोलीबारी की, जिसमें एक चीनी नागरिक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), (दक्षिण) असद रजा ने बताया था कि हमलावर मरीज बनकर कराची के सदर इलाके में स्थित क्लीनिक में घुसे और दंत चिकित्सक के कक्ष में पहुंचकर गोलीबारी शुरू कर दी। गौरतलब है कि अप्रैल में, अलगाववादी बलूच लिबरेशन आर्मी द्वारा कराची विश्वविद्यालय में किए गए एक आत्मघाती विस्फोट में तीन चीनी नागरिक मारे गए थे। जुलाई 2021 में, कराची के परमाणु ऊर्जा संयंत्र में चीन के दो श्रमिकों को ले जा रहे एक वाहन पर बंदूकधारियों ने गोलीबारी की थी, जिसमें दोनों घायल हो गए थे।

## म्यांमार- देश की नेता सू ची को सैन्य शासन ने फिर दोषी ठहराया, ऑस्ट्रेलियाई अर्थशास्त्री को 3 वर्ष की कैद

बैंकॉक। म्यांमार में प्रजातांत्रिक सरकार की हिमायती नेता आंग सान सू ची को एक कोर्ट ने गुरुवार को एक और आपराधिक मामले में दोषी ठहराया और ऑस्ट्रेलियाई अर्थशास्त्री शॉन टर्नल को गोपनीयता कानून का उल्लंघन करने के मामले में तीन साल जेल कैद की सजा सुनाई। एक विधिक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि गोपनीयता कानून के अंतर्गत सू ची को भी तीन साल जेल की सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि सू ची के मंत्रिमंडल के तीन सदस्यों को भी दोषी पाया गया और उन्हें तीन-तीन साल कैद की सजा दी गई है। टर्नल सिडनी के मैक्वायरी विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के एसोसिएट प्रोफेसर हैं और वह सू ची के सलाहकार भी थे। म्यांमार में पिछले साल सेना ने चुनी हुई सरकार का तख्तापलट कर सत्ता हथिया ली थी। टर्नल को पांच दिन बाद गिरफ्तार किया गया था जब वह हवाई अड्डे जाने के लिए कार का इंतजार कर रहे थे। टर्नल पर आरोप के मामले की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है हालांकि, सरकारी टीवी चैनल ने पिछले साल बताया था कि टर्नल के पास देश की वित्तीय प्रणाली की गोपनीय जानकारी थी और वह उसे लेकर म्यांमार से भागने वाले थे। टर्नल और सू ची ने इन आरोपों का खंडन किया है। सू ची पर तमाम अन्य आरोप हैं और उन्हें 20 साल के लिए जेल की सजा सुनाई जा चुकी है।



## साउथ सैंडविच आइलैंड्स में आया 7.0 तीव्रता भूकंप, कोई क्षति नहीं

वॉशिंगटन। साउथ सैंडविच आइलैंड्स में 7.0 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह में गुरुवार सुबह करीब 8:33 बजे 7.0 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की गहराई जमीन से 10 किमी नीचे थी। हालांकि, अब तक इसमें किसी जान-माल की नुकसान की खबर नहीं है। वहीं, इससे पहले 24 सितंबर को इंडोनेशिया के उत्तरी प्रांत एकेह में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। हालांकि, इससे किसी नुकसान की खबर नहीं आई थी। अमेरिकी भू विज्ञान सर्वेक्षण ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर शनिवार को आए भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई और इसका केंद्र एकेह प्रांत के तटीय शहर मिउलाबोह से 40 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में सतह से 49 किलोमीटर नीचे था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तड़के आए भूकंप के चलते लोग अपने घरों से बाहर भागते दिखे थे, लेकिन बाद में उन्हें संदेश मिला कि सुनामी की चेतावनी नहीं दी गई है।गौतरलब है कि वर्ष 2004 में एकेह प्रांत के अपटतीय क्षेत्र में आए शक्तिशाली भूकंप की वजह से कई देशों में सुनामी आई थी और करीब 2,30,000 लोगों की जान गई थी।

## कुर्दिस्तान में आईआरजीसी ने किया हमला, 13 की मौत, 58 घायल

इराक (ईएमएस)। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इराक के उत्तर-पूर्व कुर्दिस्तान क्षेत्र में मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई और 58 घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार मिसाइलों और आत्मघाती ड्रोन के साथ इराकी कुर्दिस्तान में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स हमला किया गया। ब्रिटेन स्थित एक फारसी समाचार के अनुसार एक अमेरिकी नागरिक उमर महमूदजादेह हमलों में मारा गया था। आईआरजीसी का कहना है ?कि वह कोमाला पार्टी और कुर्दिस्तान फीडम पार्टी का नाम लेते हुए अलगाववादी आतंकवादी समूहों के खिलाफ हमले शुरू कर रहा था। आईआरजीसी ने कहा कि यह तब तक समूहों के खिलाफ अभियान जारी रखेगा जब तक कि खतरे को खदेड़ नहीं दिया जाता है और आतंकवादी समूहों के मुख्यालय को हमला कर समाप्त नहीं ?किया जाता है। आईआरजीसी के एक डिप्टी कमांडर ने बताया कि इराकी कुर्दिस्तान के खिलाफ हमले के खिलाफ किए गए थे। जिन्होंने अशांति और असुरक्षा पैदा करने के लिए देश पर हमला किया और घुसपैठ की। नीलफोरौशन ने दावा किया कि हाल के दिनों में ईरान में व्यापक विरोध प्रदर्शनों में इराकी कुर्दिस्तान के समूहों ने सबसे बड़ी भूमिका निभाई। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसने एरबिल के उद्देश्य से एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया। हमलों में कोई भी अमेरिकी सैनिक घायल या मारा नहीं गया है। अमेरिकी उपकरणों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।




सउदी अरब में मैरीटाइम कांग्रेस के दौरान कई प्रकार के समुद्री जहाजों के मॉडल देखते हुए लोग।

## मनमोहन जैसे नहीं हैं मोदी, पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने माना- भारत बदल गया है

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका के संबंध अब भारत या अफगानिस्तान से नहीं जुड़े हैं। भुट्टो इस समय दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में हैं। बिलावल ने वाशिंगटन डीसी स्थित थिंक-टैंक, वुडरो विल्सन सेंटर में कहा न केवल मैं वर्तमान में हैरान हूं, बल्कि पाकिस्तान के प्रति अमेरिका की नई विदेश नीति के दृष्टिकोण से बिल्कुल प्रभावित हूं। हमारी (पाक-अमेरिका) बातचीत में यह भावना भी बढ़ी है। भुट्टो ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला भी करते हुए कहाकि भारत 2010 से बहुत बदल गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने माना है कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल गया है। अमेरिका के भारत के साथ रिश्ते सुधारने की सलाह के बाद बिलावल ने एक कार्यक्रम में 2010 के यूपीए सरकार का जिक्र करते हुए बिलावल ने कहा कि वह पीएम मोदी के तहत मौजूदा सरकार के विपरीत पाकिस्तान के साथ जुड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तर्कसंगत संबंध अब मौजूद नहीं हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक इस्लामाबाद आतंक पर कार्रवाई नहीं करता, तब तक भारत के पड़ोसी के साथ कोई बातचीत नहीं हो सकती है।

# कोरियाई प्रायद्वीप को विभाजित करने वाले असैन्यीकृत क्षेत्र पहुंची कमला हैरिस

पैनमुंजोम। (एजेंसी)।

अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस अपनी एशिया यात्रा के दौरान कोरियाई प्रायद्वीप को विभाजित करने वाले असैन्यीकृत क्षेत्र (डीएमजेड) पहुंची और उन्होंने उत्तर कोरिया के बढ़ते शत्रुतापूर्ण माहौल में अपने एशियाई सहयोगियों की सुरक्षा के लिए अमेरिकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। डीएमजेड में, दक्षिण कोरियाई अधिकारी ने हैरिस को अपने देश की तरफ स्थित सैन्य प्रतिष्ठानों के बारे में बताया। फिर एक अमेरिकी अधिकारी ने सैन्य सीमांकन रेखा के पास मौजूद कुछ रक्षा प्रतिष्ठानों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अमेरिकी सैनिक इस रास्ते के आसपास नियमित रूप से गश्त करते हैं।



इसके बाद हैरिस ने सीमा के पास नीले रंग की इमारतों का दौरा किया, जहां एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि कैसे इन इमारतों का उपयोग अभी भी उत्तर कोरिया के साथ वार्ता करने के लिए किया जाता है। इस दौरान हैरिस ने उत्तर कोरियाई मिसाइल परीक्षणों को उकसावा करार दिया, जिसका मकसद 'क्षेत्र को अस्थिर करना' है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया उत्तर के 'पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण' के लिए प्रतिबद्ध हैं। हैरिस ने कहा, 'मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकती कि कोरिया गणराज्य की रक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता बिल्कुल स्पष्ट है।' अमेरिकी सैन्य हेलीकॉप्टर में सवार होकर सीमा क्षेत्र से जाने से पहले हैरिस ने कहा, 'दक्षिण कोरिया में, हम एक संपन्न लोकतंत्र देखते हैं। उत्तर कोरिया में, हमने बर्बर तानाशाही देखी है।' डीएमजेड जाने से पहले हैरिस ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक से उनके सियोल स्थित कार्यालय में मुलाकात की और दोनों देशों के बीच संबंधों की सराहना की।

मई में राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने वाले सुक ने हैरिस की यात्रा को दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक ''महत्वपूर्ण कदम'' बताया। हैरिस के दक्षिण कोरिया पहुंचने से पहले उत्तर कोरिया ने बुधवार को दो कम दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया था और उसके परमाणु परीक्षण करने का खतरा भी मंडरा रहा है। हैरिस इससे पहले तीन दिन की जापान यात्रा पर थीं।

तोक्यो में उन्होंने उत्तर कोरिया के ''अवैध हथियार कार्यक्रम'' की निंदा की थी। हैरिस ने तोक्यो में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में भी हिस्सा लिया था। इससे पहले वाशिंगटन में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां पियरे ने कहा था, नए मिसाइल परीक्षण हैरिस को डीएमजेड जाने से नहीं रोक पाएंगे और वह क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए अमेरिका की ''कड़ी प्रतिबद्धता'' दिखाने के लिए वहां जाना चाहती हैं।

## सीपीसी की अहम कांग्रेस से पहले चीन का एक और शीर्ष अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी

बीजिंग। (एजेंसी)।

चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की अगले महीने होने वाली महत्वपूर्ण कांग्रेस से पहले इसके शीर्ष अधिकारियों पर कार्रवाई का दौर चल रहा है और बृहस्पतिवार को एक और अधिकारी को भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी करार दिया गया। अगले महीने होने वाली कांग्रेस में राष्ट्रपति शी चिनफिंग को अभूतपूर्व तीसरे कार्यकाल के लिए चुना जा सकता है। सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र की प्रांतीय सरकार के पूर्व उपाध्यक्ष झांग योंगजे को रिश्वत लेने के आरोप में दोषी करार दिया गया है। दोषारोपण के अनुसार झांग ने अपने पूर्व पदों का लाभ उठाते हुए परियोजनाओं की ठेकेदारी और लोगों की पदोन्नति समेत विभिन्न क्षेत्रों में दूसरे लोगों को फायदे पहुंचाने का प्रयास किया और बदले में उनसे कथित रूप से भारी-भरकम रिश्वत ली।



नेशनल कमीशन ऑफ सुपरवीजन ने झांग के मामले में अपनी जांच पूरी कर ली है और शियान की एक अदालत में उनके खिलाफ अभियोजन शुरू किया है। इससे पहले राज्य सुरक्षा मंत्रालय की पार्टी के केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग की शाखा के प्रमुख लियु यानपिंग को बुधवार को रिश्वतखोरी के आरोपों में दोषी करार दिया गया था। पिछले कुछ दिन में तीन सुरक्षा अधिकारियों को भ्रष्टाचार के आरोपों में मौत की सजा सुनाई गयी हालांकि उन्हें दो साल की राहत दी गयी। 16 अक्टूबर को होने वाली सीपीसी की कांग्रेस से पहले अधिकारियों को सजा देने के आकस्मिक सिलसिले ने सभी को चौंका दिया हैं। पांच साल में एक बार होने वाली इस कांग्रेस में 69 वर्षीय चिनफिंग को तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने की संभावना है।

## चीन के साथ आपसी संवेदनशीलता, सम्मान, परस्पर हित पर बने रिश्ते के लिए भारत प्रयासरत : जयशंकर

वाशिंगटन (एजेंसी)।

सामरिक क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य उपस्थिति के बीच भारत और अमेरिका के हिंद-प्रशांत की बेहतरी के लिए एक साझा दृष्टिकोण का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत, चीन के साथ ऐसे संबंध बनाने का प्रयास करता है जो आपसी संवेदनशीलता, सम्मान व परस्पर हित पर आधारित हों। चीन का सामरिक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कई देशों के साथ क्षेत्रीय विवाद है और वह विशेष रूप से विवादित दक्षिण चीन सागर में अमेरिका की सक्रिय नीति का विरोध करता रहा है। जयशंकर ने बुधवार को यहां भारतीय पत्रकारों के एक समूह से कहा, ''हम चीन के साथ लगातार रिश्तों में सुधार के लिए प्रयासरत हैं। ऐसा रिश्ता जो आपसी संवेदनशीलता, सम्मान और आपसी हित पर बना हो।'' चीन से निपटने को लेकर भारत और अमेरिका की योजना पर किए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दोनों देश हिंद-प्रशांत की बेहतरी व उसे मजबूत बनाने के साझा उद्देश्य रखते हैं। उन्होंने कहा, ''जहां भारतीय और अमेरिकी हित की बात आती है, तो मुझे लगता है, यह हिंद-प्रशांत की स्थिरता, सुरक्षा प्रगति, समृद्धि व विकास पर आधारित है। यहां तक ??कि यूक्रेन के मामले में भी क्योंकि यह युद्ध लंबे समय से लड़ा जा रहा है और वास्तव में यह लोगों के दैनिक जीवन व दुनियाभर में अशांति उत्पन्न कर सकता है।'' जयशंकर ने कहा कि दुनिया बदल गई है और हर कोई इस बात की सराहना करता है कि कोई भी देश खुद अकेले अंतरराष्ट्रीय शांति और आम लोगों की भलाई की जिम्मेदारी या बोझ नहीं उठा सकता है।

## ईरान में हिजाब के खिलाफ प्रदर्शन और तेज, राष्ट्रपति रईसी हुए सख्त, कहा- किसी को कानून का उल्लंघन नहीं करने दिया जाएगा

तेहरान (एजेंसी)।

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा कि हिरासत में एक युवती की मौत ने इस्लामिक गणराज्य में सभी को ÷दुखी÷ किया है। इसके साथ ही रईसी ने चेतावनी देते हुए कहा कि महसा अमिनी की मौत पर हिंसक विरोध फैलाने के बीच ÷अराजकता÷ को स्वीकार नहीं किया जाएगा। दो हफ्ते पहले अमिनी की मौत ने पूरे ईरान में सरकार विरोधी विरोध प्रदर्शनों को हवा दे दी है। रईसी ने स्टेट टीवी के साथ एक साक्षात्कार में कहा हम सभी इस दुखद घटना से दुखी हैं ... (हालांकि) अराजकता अस्वीकार्य है। ईरान के राष्ट्रपति ने इस आंदोलन को लेकर अमेरिका पर आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश के दुश्मन हमारी एकता को खत्म करना चाहते हैं और आपस में लड़ाकर अपने मंसूबों को कामयाब करने में लगे हैं।

ईरान की सरकार प्रदर्शन को गोली, डंडे और आंसू गैस के बल पर दबाने की कोशिश कर रही है। वहीं सोशल मीडिया वीडियो में ईरानियों को ÷तानाशाह की मौत÷ के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि फिर भी इस्लामिक गणराज्य का पतन निकट भविष्य में दूर की कौड़ी लगता है क्योंकि इसके नेता उस तरह की कमजोरी नहीं दिखाने के लिए दृढ़ हैं। 22 साल की महिसा अमीनी की मौत से चिंगारी भड़क की। अब उसकी आंच ईरान की सत्ता तक महसूस की जा रही है।



ईरान के प्रशासन की तरफ से कहा गया कि अमीनी की मौत किसी अत्याचार की वजह से नहीं बल्कि हार्ट अटैक से हुई थी। ईरान के विदेश मंत्री अमीर अबदुल्लाहियान ने यूएन की बैठक में कहा कि इस तरह का प्रदर्शन कोई बडी बात नहीं है। इसके बाद उन्होंने एक रेडियो चैनल पर कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन नहीं होने वाला है। ईरान के लोगों की भावनाओं के साथ किसी को नहीं खेलना चाहिए।

## इमरान खान का ऑडियो लीक, अपने प्रधान सचिव के साथ विदेशी साजिश पर कर रहे हैं चर्चा

इस्लामाबाद। (एजेंसी)।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का एक कथित ऑडियो सामने आया है जिसमें वह इस बारे में बात कर रहे हैं कि अप्रैल में उनकी सरकार गिराने को साजिश के रूप से चित्रित करने के लिए विवादित 'साइफर' (गूढ़लेख) का फायदा कैसे उठाया जाए। सोशल मीडिया पर आए ऑडियो क्लिप में इमरान और उनके तत्कालीन प्रधान सचिव आज़म खान के बीच बातचीत हो रही है। वे वाशिंगटन में पाकिस्तान के राजदूत की एक अमेरिकी की अधिकारी के साथ मुलाकात को लेकर उनके द्वारा भेजे गए, सांकेतिक में लिखे 'साइफर' के बारे में बात कर रहे हैं।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान की सरकार अप्रैल में संसद में अविश्वास प्रस्ताव हारने से गिर गई थी। खान ने इस 'साइफर' का हवाला देकर आरोप लगाया था कि उनकी सरकार गिराने के लिए अमेरिका की अगुवाई में साजिश रची गई थी, क्योंकि उन्होंने रूस, चीन और अफगानिस्तान के मामले में स्वतंत्र विदेश नीति के तहत फैसले किए। हालांकि अमेरिका ने इस आरोप से इनकार किया है। लीक ऑडियो में इमरान खान को यह कहते सुना जा सकता है, 'हमें सिर्फ इसी (साइफ़र) पर खेलना है। हमें (किसी भी देश का) नाम लेने की ज़रूरत नहीं है। हमें बस इसके साथ खेलना है, कि (अविश्वास प्रस्ताव की) यह तारीख पहले (से तय) थी।'

दूसरी आवाज़ ज़ाहिर तौर पर आज़म खान की है जो 'साइफर' पर बैठक बुलाने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'देखिए, यदि आपको याद हो, तो उसमें राजदूत ने अंत में आपत्तिपत्र (भेजने) के लिए लिखा है। भले ही आपत्तिपत्र नहीं भेजा जाना है।' आज़म खान ने कहा, 'शाह महमूद कुरैशी (इमरान की सरकार में विदेश मंत्री) और विदेश सचिव के साथ बैठक करते हैं। शाह महमूद कुरैशी उस पत्र को पढ़ेंगे और जो कुछ भी वह पढ़ेंगे उसे एक प्रति में बदल दिया जाएगा। फिर मैं (इससे) मिनट (लिखित ब्यौरा) तैयार करूंगा कि विदेश सचिव ने इसे तैयार किया है।'

पूर्व प्रधान सचिव ने कहा, 'लेकिन इसका (साइफर का) यही विश्लेषण होना चाहिए। हम इसका विश्लेषण करेंगे और उसका ब्यौरा तैयार करेंगे, क्योंकि हम चाहते हैं कि यह आधिकारिक रिकॉर्ड बन जाए।' वह बताते हैं कि विश्लेषण का यह निष्कर्ष निकालेगा कि यह एक धमकी है। इसे कूटनीतिक में धमकी कहा जाता है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने औपचारिक रूप से, ऑडियो लीक पर प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन जब पत्रकारों ने इमरान खान से पूछा कि 'साइफर' से खेलने का उनका क्या मतलब है, तब उन्होंने कहा, मैंने अभी तक खेलना शुरू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि 'साइफर' के मसले की उचित तरीके से जांच की जानी चाहिए।



# वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को झटके पर झटका, पहले दीपक हुडा तो अब बुमराह हुए चोटिल

## इन खिलाड़ियों को मिल सकती है जगह

**दुबई (एजेंसी)।**

टी20 विश्व कप शुरू होने में अब महज 20 दिन का वक्त रह गया है। हालांकि, फिटनेस के लिहाज से देखें तो टीम इंडिया के लिए सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। टीम इंडिया के 15 सदस्य टीम में शामिल दो खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं। दीपक हुडा पहले ही चोटिल हो चुके थे जबकि आप स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने की खबर आ रही है। जसप्रीत बुमराह के वर्ल्ड कप से बाहर होने की भी खबर है। दीपक हुडा भी चोट की वजह से वर्ल्ड कप से बाहर हो सकते हैं। टीम इंडिया के लिहाज से यह अच्छी खबर नहीं है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर दीपक हुडा और जसप्रीत बुमराह के जगह 15 सदस्य टीम में अब किसे रखा जाएगा। स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में मोहम्मद शमी, श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई और दीपक चहर को रखा गया था।

ऐसे में जसप्रीत बुमराह के चोट के बाद मोहम्मद शमी को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, मोहम्मद शमी भी अभी फिट नहीं हैं। ऐसे में दीपक चाहर के लिए लॉटरी लग सकती है। दीपक चाहर ने दक्षिण अफीका के खिलाफ खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में अच्छी गेंदबाजी की थी। ऐसे में कहीं ना कहीं मैनेजमेंट उन पर दाव लगा सकता है। जसप्रीत बुमराह को प्रैक्टिस सेशन के दौरान चोट लगी थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ञ20 सीरीज में काफी दिनों के बाद उनकी वापसी हुई थी। इससे पहले भी भेज चोट से परेशान थे जिस वजह से उन्हें बाहर रहना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मुकाबले में जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। हालांकि, जसप्रीत बुमराह का अनुभव ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता था।

दीपक हुडा भी भारतीय टीम के एक अहम सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने कई महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं। दीपक हुडा टीम में ऑलराउंडर की भूमिका में खेलते हैं। लेकिन यह बात भी सच है कि उन्हें गेंदबाजी का कम मौका मिलता है। अगर दीपक हुडा वर्ल्ड कप से बाहर होते हैं तो उनकी जगह श्रेयस अय्यर को रखा जा सकता है। दक्षिण अफीका के खिलाफ ञ20 सीरीज से बाहर होने की स्थिति में दीपक हुडा की जगह श्रेयस अय्यर को टीम में खेलने का मौका मिला है। ऐसे में





इस बात की संभावना ज्यादा है कि अगर टी20 विश्व कप की टीम से दीपक हुडा बाहर होते हैं तो कहीं ना कहीं श्रेयस अय्यर को मौका दिया जा सकता है। श्रेयस अय्यर भारत के अनुभवी खिलाड़ी हैं। कई अहम मुकाबले उन्होंने जीतवाएं हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर उनकी बल्लेबाज एक बेहद महत्वपूर्ण रहती है।

# मुक्केबाज शिव ठाकरान ने जीता डब्ल्यूबीसी एशिया महाद्वीप का खिताब




**बैंकाक (एजेंसी)।**

भारत के सुपर मिडिलवेट मुक्केबाज शिव ठाकरान ने यहां मलेशिया के आदिल हफीज को नॉकआउट में हराकर डब्ल्यूबीसी एशिया महाद्वीप में खिताब अपने नाम किया। भारतीय मुक्केबाज ने आठ दौर के मुकाबले में जीत दर्ज करके एशियाई पेशेवर मुक्केबाजी सर्किट में सनसनी फैलाई।

ठाकरान ने बाद में कहा, 'तीन महीने पहले जब यह मुकाबला तय किया गया था तब किसी को भी विश्वास नहीं था कि मैं छठे दौर तक भी जा पाऊंगा नॉकआउट तो दूर की बात रही। कई लोगों ने मुझे पहले ही हारा हुआ मान लिया था क्योंकि मैंने एक साल से भी अधिक समय से कोई मुकाबला नहीं लड़ा था।' ठाकरान 2016 में पेशेवर मुक्केबाज बने थे और उनका रिकॉर्ड 16-3 है जिसमें आठ नॉकआउट शामिल है।

# हमें नई गेंद से निपटने के तरीके तलाशने होंगे: केशव महाराज

**तिरुवनंतपुरत (एजेंसी)।**



दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने भारतीय टीम के खिलाफ पहले ही टी20 में मिली हार के बाद कहा है कि उनकी टीम को बल्लेबाजी के दौरान नई गेंद से निपटने के तरीके तलाशने होंगे। पहले टी20 में मेहमान टीम भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने विफल हो गयी थी। उसके बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों अर्शदीप सिंह और दीपक चाहर की स्विंग गेंदबाजी के सामने बेबस नजर आये थे जिससे भारतीय टीम ने पहला मैच आसानी से जीत लिया।

केशव महाराज ने मैच के बाद कहा,'' इसपर हमें बहुत अधिक चर्चा करने की जरूरत नहीं है हालांकि इस पर बात करनी होगी कि हमें कैसी शुरुआत करनी चाहिए जिससे आगे के मुकाबलों के लिए सुधार किया जा सके।'' उन्होंने कहा, ''शुरुआती ओवरों के प्रदर्शन को देखते हुए हमें स्विंग से निपटने के तरीके तलाशने होंगे क्योंकि पहले कुछ ओवरों में गेंद बहुत अधिक स्विंग कर रही थी।'' केशव ने इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंदों पर 41 रन बनाये थी। उनके अलावा केवल एडेन मार्करम 25 और वायने पर्नेल ही 24 रन रनों तक पहुंच पाये।

# राहुल ने रोहित और विराट को पीछे छोड़ा

**तिरूवनंतपुरम (एजेंसी)।**

यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए पहले ही टी20 मुकाबले में अर्धशतक लगाने के साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज लोकेश राहुल ने एकसाथ कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। राहुल ने सबसे अधिक देशों के खिलाफ अर्धशतक लगाने के रोहित और विराट को पीछे छोड़ दिया। राहुल के अब 11 अलग-अलग देशों के खिलाफ अर्धशतक हो गये हैं जबकि विराट और रोहित के दस देशों के खिलाफ शतक हैं।

राहुल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पचास रन पूरे करने के साथ ही अपना 19वां टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक लगाया। उनके नाम 65 मुकाबलों में 2080 रन दर्ज है। उनका औसत करीब 40 का है जबकि स्ट्राइक रेट 139.22 का रहा है।

राहुल अब भारत की तरफ से टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर आ गये हैं। वहीं रोहित 3694 रन बनाकर पहले नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर विराट हैं। विराट के नाम 3663 रन हैं। रोहित और कोहली सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक के मामले में पहले और दूसरे नंबर पर हैं। राहुल इस सूची में 16वें नंबर पर हैं।



राहुल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पहले ही मुकाबले में अर्धशतक लगाया। अब राहुल 11 अलग-अलग देशों के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने हैं।

राहुल ने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ तीन-तीन जबकि वेस्टइंडीज व अफगानिस्तान के खिलाफ दो-दो अर्धशतक लगाये हैं। इसके अलावा उन्होंने बांग्लादेश, इंग्लैंड, आयरलैंड, नामीबिया, स्कॉटलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक-एक बार अर्धशतक लगाया है।

# जॉर्जिया के लेवान नें जीती छत्तीसगढ़ चीफ़ मिनिस्टर शतरंज ट्रॉफी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चीफ़ मिनिस्टर ट्रॉफी इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताबटॉप सीड ग्रांड मास्टर जॉर्जिया के लेवान पंट्सूलिया नें अपने नाम कर लिया है । अंतिम और दसवे राउंड में उन्होंने भारत के इंटरनेशनल मास्टर अजय कार्तिकेयन से अपनी बाजी ड्रॉ खेलते हुए पहला स्थान हासिल कर लिया । लेवान पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहे और उन्होंने 7 जीत और 3 ड्रॉ से 8.5 अंक बनाए । दूसरे स्थान पर रूस के बोरिस शेवचेंको रहे जिन्होंने अंतिम राउंड में भारत के श्रीहरी एल को मात देते हुए 7.5 बनाए और बेहतर टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया जबकि पोलैंड के माइकल क्रासेनकोव नें मंगोलिया के टेगमेड बट्चुलून को मात देते हुए 7.5 अंको पर तीसरा स्थान हासिल किया । भारत नें श्याम सुंदर नें हमवतन हर्षवर्धन जीबी को पराजित कर चौथा स्थान प्राप्त किया और भारतीय खिलाड़ियों में पहले स्थान पर रहे । अन्य खिलाड़ियों में 7 अंक बनाकर मंगोलिया के टेगमेड बट्चुलून,ईरान के अराश तहबाज ,भारत के अजय कार्तिकेयन ,मोहम्मद नुबेरशाह शेख ,मित्रभा गुहा और उक्रेन के नेवेरोव वालेरीय नें क्रमशः टाईब्रेक के आधार पर पांचवें से दसवां स्थान हासिल किया । भारत के उत्सव चटर्जी भारत के नवीन इंटरनेशनल मास्टर बन गए जबकि श्रीहरी एल और आर्यन वर्षने नें अपना तीसरा इंटरनेशनल मास्टर नार्म हासिल किया । वहीं महालक्ष्मी एम सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी रही ।



# पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह कोविड-19 जांच में पॉजिटिव

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ जारी सात मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के बाकी बचे दो मैचों में टीम का हिस्सा नहीं होंगे।




पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को बताया कि शाह को निमोनिया का पता चलने के बाद गुरुवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वह काफी बेहतर महसूस कर रहा है। बोर्ड से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक शाह टीम होटल में वापस आ गए हैं जहां वह कोविड-19 से जुड़ी सभी प्रोटोकॉल का पालन करेंगे।'' पाकिस्तान की टीम सोमवार को न्यूजीलैंड दौरे पर रवाना होगी जहां उसे त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग लेना है। इस श्रृंखला में तीसरी टीम बांग्लादेश है। पीसीबी ने यह साफ नहीं किया कि वह न्यूजीलैंड दौरे का हिस्सा बनेंगे या नहीं। वह इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला का पहला मैच खेलने के बाद अंतिम एकादश से बाहर हो गये थे। शाह को सीने में दर्द और बुखार की शिकायत के बाद मंगलवार देर रात लाहौर के अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। पाकिस्तान की टीम श्रृंखला में अभी 3-2 से आगे है। इसके बाकी बचे दोनों मैच शुक्रवार को खेले जायेंगे।

# अर्शदीप सिंह ने किया खुलासा, परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने पर मुख्य ध्यान

**तिरुवनंतपुरम।(एजेंसी)।**

भारत के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टीम का मुख्य ध्यान परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने पर है। टी20 विश्व कप 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा और अर्शदीप ने कहा भारतीय गेंदबाज वहां की कड़ी चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। एशिया कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में शानदार वापसी करने वाले इस 22 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा,'' हमारी टीम का मुख्य लक्ष्य परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना और किसी भी तरह की परिस्थितियां हों उनके अनुकूल प्रदर्शन करने पर है।''

उन्होंने कहा, ''जब हम वहां (ऑस्ट्रेलिया) जाएंगे तो फिर देखेंगे कि वहां परिस्थितियां किस तरह की है। मैं वहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं।'' अर्शदीप (32 रन देकर तीन विकेट) ने दीपक चाहर (24 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर दक्षिण अफ्रीका का शीर्ष क्रम लड़खड़ा दिया था जिससे भारत ने बुधवार को यहां आठ विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। अर्शदीप ने कहा,'' हमने अभ्यास सत्र के दौरान जो रणनीति बनाई थी उसे मैदान पर लागू करने का प्रयास किया। आज (बुधवार) हमने वास्तव में पावर प्ले में अच्छी गेंदबाजी का शानदार नमूना पेश किया और हम आगामी दिनों में भी ऐसा ही प्रदर्शन जारी रखने का प्रयास करेंगे।'' बाएं हाथ का यह गेंदबाज अगले महीने होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में डेथ ओवरों में भारत का प्रमुख गेंदबाज होगा।




उन्हें एशिया कप के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अनुकूलन शिविर में भेज दिया गया था जिस कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। अर्शदीप ने कहा, ''पिछले 10 दिनों का उद्देश्य तरोताजा होना और मजबूत वापसी करना था और इससे मुझे अपनी गेंदबाजी में मदद मिली। मैं वास्तव में तरोताजा महसूस कर रहा हूं और मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं।'' जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार की अनुपस्थिति में अर्शदीप ने नई गेंद संभाली और पांच गेंद के अंदर दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट लेकर उसके शीर्ष क्रम को झकझोर दिया था।

इस साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करने वाले अर्शदीप ने कहा कि वह चयन की परवाह किए बिना अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा,'' आईपीएल के आखिरी दिनों में मुझे बताया गया था कि मैं उनकी रणनीति का हिस्सा हूं। मेरा मुख्य उद्देश्य जब भी मौका मिले तब अच्छा प्रदर्शन करना है। यह मेरा काम है और मैं चयन को लेकर बहुत अधिक नहीं सोचता हूं।'' अर्शदीप एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन यहां उन्होंने दूसरे ओवर में क्विंटन डिकॉक, रिली रोसो और डेविड मिलर को आउट करके अपने आलोचकों के मुंह बंद कर दिए। उन्होंने कहा,'' शुरू में विकेट हासिल करके हमेशा अच्छा लगता है। हमारी रणनीति सरल थी और गेंद स्विंग कर रही थी। मैंने सही क्षेत्रों में गेंद कराई और इससे मुझे फायदा मिला।

# कूल्हे की चोट के कारण लंदन मैराथन से हटे मो फराह

**लंदन।** लंबी दूरी के स्टार धावक और चार बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मो फराह कूल्हे की चोट के कारण रविवार को होने वाली लंदन मैराथन से हट गए हैं।




इस 39 वर्षीय धावक ने कहा कि अभ्यास के दौरान उनके दाहिने कूल्हें में चोट लग गई और वह दौड़ के समय तक फिट नहीं हो पाएंगे। ब्रिटिश धावक फराह ने कहा, 'मैंने पिछ्ले कुछ महीनों से वास्तव में कड़ा अभ्यास किया था और मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा था और मुझे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी।' उन्होंने कहा, 'लेकिन पिछले 10 दिनों से मैं अपने दाहिने कूल्हे मैं दर्द महसूस कर रहा था। मैंने इसका उपचार भी कराया ताकि मैं दौड़ में भाग ले सकूं लेकिन इसमें पर्याप्त सुधार नहीं हुआ है।' फराह ने लंदन और रियो डी जेनेरियो ओलंपिक खेलों में 5000 और 10000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीते थे। वह 2019 के बाद अपनी पहली मैराथन में भाग लेने की तैयारियों में जुटे थे।

# सूर्यकुमार इस साल टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने



**तिरूवनंतपुरम ।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव सूर्या ने इस साल टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। सूर्यकुमार ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही टी20 में अर्धशतक लगाया था। सूर्यकुमार इसी कारण वह 700 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं। इस दौरान इस बल्लेबाज ने जमकर छक्के लगाये हैं। इसी के साथ ही वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में इस साल सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। 21 मुकाबले खेलकर उन्होंने कुल 45 छक्के लगाये हैं। अब तक कोई भी अन्य भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार के करीब नहीं पहुंच पाया है। वहीं कप्तान रोहित शर्मा ने 27 छक्के लगाए हैं और वह सूची में 12वें नंबर पर हैं। सूर्या के बाद दूसरी नंबर पर अनजान से बल्लेबाज पपुआ न्यू गिनिया के बल्लेबाज टीपी उरा का नाम है। उरा ने 12 टी20 मैचों में 39 छक्के लगाए हैं। वहीं यूएई के मुहम्मद वसीम ने 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में इस साल 38 छक्के जमाए हैं। इस सूची में चौथा नंबर वेस्टइंडीज के रोवमेन पॉवेल का है जिनके नाम पर 36 छक्के हैं।

# विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पांच पहलवान हासिल करेंगे पेरिस ओलंपिक का कोटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में शीर्ष छह नहीं बल्कि सभी 18 भार वर्गों में चोटी पर रहने वाले पांच पहलवान ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए कोटा स्थान हासिल करेंगे। इस तरह से 2023 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से 18 कोटा स्थान हटा दिए गए हैं और उन्हें विश्व क्वालीफायर्स में जोड़ दिया गया है, जो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम मौका होगा।

यूनाईटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने कुश्ती के विश्व संचालन संस्था की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा कि यह बदलाव विश्व चैंपियनशिप और विश्व क्वालीफायर्स के बीच कोटा स्थानों के वितरण में निष्पक्षता बरतने के लिए किया गया है। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 16 से 24 सितंबर के बीच रूस ने खेली जाएगी। विश्व चैंपियनशिप 2023 के अलावा 2024 में होने वाले महाद्वीपीय क्वालीफायर्स (एशिया, अफ्रीका, पैन-अमेरिका, यूरोपीय) और 2024 के विश्व ओलंपिक क्वालीफायर्स से भी खेलों के लिए कोटा हासिल किया जा सकेगा।

इससे पहले विश्व चैंपियनशिप में 108 कोटा स्थान (प्रत्येक भार वर्ग में छह स्थान) दिए जाते थे लेकिन अब इनकी संख्या घटकर 90 हो गई है। भारत से बजरंग पूनिया (65 किग्रा), रवि दहिया (57 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा) और विनेश फोगाट (53 किग्रा) ने नूर सुल्तान में 2019 में हुई विश्व चैंपियनशिप से तोक्यो खेलों के लिए क्वालीफाई किया था, जबकि अंशु मलिक (57 किग्रा) और सोनम मलिक (62 किग्रा) ने अल्माटी, कजाकिस्तान में एशियाई प्रतियोगिता के जरिए क्वालीफाई किया था।

हैवीवेट पहलवान सुमित मलिक (125 किग्रा) ने सोफिया, बुल्गारिया में विश्व क्वालीफायर्स में कोटा हासिल करके तोक्यो खेलों में जगह बनाई थी। अगले साल रूस में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में प्रत्येक भार वर्ग में चारों पदक विजेता (स्वर्ण, रजत और दो कांस्य पदक विजेता) अपने देशों के लिए कोटा स्थान हासिल करेंगे जबकि कांस्य पदक के प्लेऑफ में हारने वाले पहलवान पांचवें स्थान के लिए मुकाबला करेंगे।

महाद्वीपीय क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं (एशियाई, अफ्रीकी, पैन अमेरिकी और यूरोपीय) से कुल 144 पहलवान ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे। प्रत्येक ओलंपिक भार वर्ग में शीर्ष पर रहने वाले दो पहलवान अपने देश के लिए एक एक कोटा स्थान हासिल करेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2023 में कोटा स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी महाद्वीपीय क्वालीफायर्स में भाग लेने के हकदार नहीं होंगे। वह हालांकि किसी अन्य शैली में भाग ले सकते हैं।



विश्व ओलंपिक क्वालीफायर्स में प्रत्येक ओलंपिक भार वर्ग में तीन कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। पहले इनकी संख्या दो थी। अब केवल स्वर्ण पदक या रजत पदक विजेता को ही नहीं बल्कि कांस्य पदक हासिल करने वालों को भी ओलंपिक कोटा हासिल करने का मौका मिलेगा। प्रत्येक भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता कोटा स्थान के लिए मुकाबला करेंगे।

# पीएफआई को भरना होगा 5.2 करोड़ का जुर्माना : केरल हाईकोर्ट

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसी)। केरल उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और इसके पूर्व महासचिव को निर्देश दिया कि वे गत 23 सितंबर को हड़ताल संबंधी हिंसा के कारण संपत्ति को हुए नुकसान को लेकर गृह विभाग में क्षतिपूर्ति के रूप में 5.2 करोड़ रुपये जमा करायें। अदालत ने कहा कि हड़ताल के दौरान हुई हिंसा के लिए पीएफआई को निश्चित तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। मुआवजे की इस राशि का आकलन केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) और राज्य सरकार की ओर से किया गया है। बसों को हुए नुकसान और सेवाओं में कटौती को लेकर केएसआरटीसी ने क्षतिपूर्ति की इस राशि की मांग की है।

अदालत ने चिंता जताया कि राज्य प्रशासन ने हड़ताल आयोजकों को अनुचित मांग के साथ आगे बढ़ने और सड़क जाम करने से रोकने के लिए कुछ नहीं किया, जबकि वर्ष 2019 का उच्च न्यायालय का आदेश इसके खिलाफ है। अदालत ने कहा कि हड़ताल संबंधित हिंसा और संपत्ति को हुए नुकसान को लेकर दर्ज सभी मामलों में संगठन के पूर्व महासचिव अब्दुल सत्तार को आरोपी बनाया जाए। न्यायमूर्ति ए के जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति मोहम्मद नियास सी पी की पीठ ने निर्देश दिया कि मजिस्ट्रेट या सत्र अदालतों को हड़ताल संबंधी हिंसा के किसी भी आरोपी की जमानत पर विचार करते समय ऐसी शर्त लगानी चाहिए कि उन्हें कोई राहत देने से पहले उनके द्वारा किये गये नुकसान की क्षतिपूर्ति पर जोर दिया जा सके।

अदालत ने कहा कि मीडिया की खबरों से खुलासा होता है कि 23 सितंबर को हालात से निपटने को लेकर पुलिस ने निष्क्रिय भूमिका निभाई। अदालत ने कहा कि निर्धारित समय के भीतर राशि जमा करने में विफल रहने पर राज्य सरकार पीएफआई और अब्दुल सत्तार समेत इसके अन्य कार्यकर्ताओं की संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राजस्व वसूली अधिनियम के तहत तत्काल कदम उठाएगी, ताकि 5.2 करोड़ रुपये की वसूली की जा सके। अदालत ने कहा क प्रतिवादी आगे भी इस तरह की राशि के लिए उत्तरदायी होंगे जो दावा आयुक्त के समक्ष न्यायिक कार्यवाही के दौरान दावेदारों के पक्ष में देय पाई जाती हैं।




अदालत ने पीडी सारंगधरन को दावा आयुक्त नियुक्त किया और राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उनका कार्यालय तीन सप्ताह के भीतर पूरी तरह काम करने लगे। केएसआरटीसी ने अपनी यचिका में यह दलील दी है कि हड़ताल बिना कोई अग्रिम सूचना दिए की गई, जो कि उच्च न्यायालय के उन आदेशों का उल्लंघन है जिसके तहत अचानक की जाने वाली हड़ताल को अवैध करार देते हुए कहा गया था कि इसके लिए सात दिन पूर्व नोटिस देना होगा। परिवहन निगम की ओर से दावा किया गया कि हड़ताल के हिंसक होने से 58 बसों में खिड़कियों के शीशों और सीटों को नुकसान पहुंचाया गया तथा उसके 10 कर्मचारियों के अलावा एक यात्री भी घायल हुआ।

# जिला प्रशासन को मिला कोषागार, वेतन व लेखा कार्यालय



**अनुगामिनी नि.सं.**

सोरेंग, 29 सितम्बर । सोरेंग जिला प्रशासन को अपना एक अलग कोषागार, वेतन एवं लेखा कार्यालय मिल गया है। राज्य वित्त विभाग के अधीन जिला प्रशासनिक केंद्र में अवस्थित इस नवनिर्मित कार्यालय का आज सोरेंग च्याखुंग के विधायक आदित्य गोले ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर सोरेंग जिला कलेक्टर भीम ठटाल, सोरेंग एडीसी धीराज सुबेदी, एसपी जे जयपांडियन, एडीसी विकास गायस पेगा, मुख्य वेतन व लेखा अधिकारी केबी सुब्बा के अलावा डीएसी के अधीन विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

उद्घाटन समारोह में केक काट कर नये कार्यालय को जनता को

## विधायक आदित्य गोले ने किया उद्घाटन

समर्पित करने के बाद विधायक गोले ने कहा कि अपने निकट ही इस कार्यालय को पाकर लोग इसका लाभ उठा सकेंगे।

साथ ही इस कार्यालय के निर्माण हेतु सभी को बधाई देते हुए उन्होंने कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से धैयपूर्वक लोगों की शिकायतें सुनने एवं उनके समाधान की दिशा में कार्य करने की सलाह दी। इसके अलावा विधायक गोले ने इस अवसर पर कुछ लाभान्वितों में आधिकारिक चेक भी दिये।

# बागवानी महाविद्यालय का हिन्दी पखवाड़ा संपन्न



**अनुगामिनी नि.सं.**

गंगटोक, 29 सितम्बर । बागवानी महाविद्यालय वार्मिक सिक्किम द्वारा 29 सितम्बर को हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष डॉ अजय कुमार पाण्डेय तथा मुख्य अतिथि श्री भास्कर प्रसाद पौडयाल (पूर्व संयुक्त निदेशक एचआरडीडीर, सिक्किम सरकार) उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के द्वारा की गयी।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के हिन्दी भाषा प्रभारी डॉ दीपिका शर्मा ने हिन्दी पखवाड़ा की आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अध्यक्ष महोदय द्वारा भारत के विकास में हिन्दी भाषा की योगदान पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि श्री भास्कर प्रसाद पौडयाल ने अपने सम्वोधन में कहा कि कृषि अनुसंधान की उपलव्धियों को हिन्दी भाषा के माध्यम से किसानों तक पहुंचाने में काफी मदद मिलेगी।

हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं नकद राशि से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपिका शर्मा द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ यमुना पांडेय के द्वारा किया गया।

# पीएम मोदी आज 'वंदे भारत एक्स्प्रेस ट्रेन' में करेंगे सफर, गांधीनगर कैपिटल से मुंबई सेंट्रल तक चलेगी गाड़ी

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को आत्मनिर्भर भारत की नई पहचान बनी वंदे भारत एक्स्प्रेस ट्रेन' में पहली बार एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री गुजरात की राजधानी में गांधीनगर कैपिटल से मुंबई सेंट्रल की सेवा का हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ करेंगे और उसी से अहमदाबाद रेलवे स्टेशन तक यात्रा भी करेंगे। प्रधानमंत्री गांधीनगर कैपिटल रेलवे स्टेशन पर एक समारोह में सुबह साढ़े दस बजे वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे।

इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी और अन्य मेहमान इस नई ट्रेन में सवार होकर अहमदाबाद के कालूपुर स्थित रेलवे स्टेशन तक यात्रा करेंगे और इसके बाद दोपहर करीब दो बजे यह ट्रेन मुंबई के लिए रवाना होगी। वडोदरा और सूरत रुकते हुए यह गाड़ी करीब 8 बजकर 20 मिनट पर मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह पहला मौका होगा जब पीएम मोदी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सवारी करेंगे। इससे पहले उन्होंने पहली वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन 15 फरवरी 19 को किया था। लेकिन उसमें सवार होकर एक स्टेशन से दूसरे स्थान पर वह इससे पहले कभी नहीं गए हैं। भारतीय रेलवे की नई पीढ़ी की वंदे भारत ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से यात्रियों की सेवा के लिए तैयार है।

रेल मंत्री वैष्णव के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस का नया रैक पहले से हल्का है और नई आधुनिक बोगी डिजायन के कारण यात्रियों को 180 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से बिना कोई झटका या कंपन के दौड़ने में सक्षम है।

पहली वंदे भारत 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलने के अनुकूल है। रेल मंत्री के मुताबिक वंदेभारत एक्सप्रेस के 75 रैकों का निर्माण अगले माह से चेन्नई में इंटीग्रल कोच कारखाने में शुरू हो जाएगा और हर माह दो तीन से शुरू हो कर आठ -दस रैक प्रतिमाह तक बनने लगेंगे।

वंदे भारत के भविष्य में बनने वाले 400 रैक 200 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलने में सक्षम होंगे जिन्हें विकसित देशों में निर्यात भी किया जाएगा।

वंदे भारत के पहले संस्करण एवं इस नए संस्करण के बीच अंतर का उल्लेख करते हुए कहा कि नई वंदे भारत ट्रेन शून्य से सौ किलोमीटर प्रतिघंटा की गति मात्र 52 सेकेंड में पार कर लेती है जबकि पहले संस्करण वाली वंदे भारत को 54.6 सेकेण्ड लगते हैं। बुलेट ट्रेन को इस गतिसीमा को पार करने में 55 सेकेंड लगते हैं। पहली वंदे भारत का एक्सल लोड 17 टन था जो नई गाड़ी में 15.3 टन है। पहली गाड़ी का वजन 430 टन था लेकिन नई गाड़ी का वजन 392 टन है यानि 38 टन कम है।

बाढ़ की दशा में यदि पटरियों पर दो फुट तक पानी भरा है तो भी वंदे भारत ट्रेन को आराम से चलाया जा सकता है, पहले संस्करण का केवल 40 सेंटीमीटर यानी सवा फुट से कुछ अधिक तक भरे पानी में ही चलाया जा सकता है। पहली वंदे भारत ट्रेन की लागत 97 करोड़ रुपए थी जबकि नई वंदे भारत की लागत करीब 107 करोड़ रुपए है।

# राज्यपाल ने की अमित शाह से मुलाकात



**अनुगामिनी नि.सं.**

गंगटोक, 29 सितम्बर । इन दिनों सिक्किम के राज्यपालगंगा प्रसाद अपने दिल्ली दौरे पर हैं। इसी अवसर पर नई दिल्ली में गुरुवार को राज्यपाल ने केंद्रीय गृह मामलों एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान, दोनों के बीच सिक्किम से संबंधित अनेक विचारात्मक पहलुओं पर चर्चा की गई।

इसी कड़ी में, माननीय राज्यपाल में केंद्रीय गृह मंत्री से 7 अक्टूबर को उनके दौरे के दौरान राजभवन परिसर में स्थापित राष्ट्रीय ध्वज स्तम्भ का उद्घाटन एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति के अनावरण के लिए आमंत्रित किया। ज्ञात हो कि केंद्रीय गृह मामलों और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह आगामी 7 अक्टूबर को सिक्किम के गंगटोक में एक दिवसीय 'पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र डेयरी सहकारी सम्मेलन' का उद्घाटन करेंगे।

इसी दौरे के अंतर्गत राज्यपाल ने बुधवार को नई दिल्ली में कर्तव्य पथ स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया साथ ही, राष्ट्रीय समर स्मारक में शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एससी वर्ग की वैकेंसियों को जल्द भरेगी केंद्र सरकार, बैंकों से होगी शुरुआत; तीन महीने चलेगा अभियान

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसी)। केंद्र सरकार अपने विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र की फर्मों में अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग की खाली पड़ी वैकेंसियों को जल्द भरने का आदेश दे सकती है। सूत्रों के मुताबिक, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 31 दिसंबर तक इन पदों को भरने का निर्देश दिया हैं। मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में 2 अक्टूबर से भर्ती अभियान शुरू होने की उम्मीद है।

इसी साल 20 जुलाई को लोकसभा में कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह के जवाब का हवाला देते हुए, अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार के 10 मंत्रालयों और विभागों में 1 जनवरी, 2021 तक 18,132 आरक्षित रिक्तियों का बैकलॉग था। ये पद रक्षा, रेलवे, वित्तीय सेवाएं, पद, गृह मामले, परमाणु ऊर्जा, राजस्व, शिक्षा, रक्षा उत्पादन और आवास और शहरी मंत्रालयों से जुड़े हैं।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष विजय सांपला ने गुरुवार को जानकारी दी कि इस सप्ताह की शुरुआत में पीएसबी के प्रदर्शन की समीक्षा के दौरान, वित्त मंत्री ने बैंकों को समावेशी ऋण वितरण और एससी वर्ग के रिक्त पदों को भरने के लिए विशिष्ट समय सीमा दी है। उन्होंने कहा, सभी बैंक (पीएसबी) अनुसूचित जातियों की बैकलॉग रिक्तियों को भरने के लिए 2 अक्टूबर से एक विशेष अभियान अभियान शुरू करेंगे। यह अभियान 31 दिसंबर तक पूरा किया जाना है।

एक अधिकारी का कहना है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एससी से संबंधित रिक्तियों और पदोन्नतियों में 18,132 पदों में से लगभग 7-8 प्रतिशत भरे जा सकते हैं। लेकिन, यह पहल अन्य विभागों के लिए एक नई प्रवृत्ति और उदाहरण स्थापित करेगी। अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो 20-25 करोड़ आबादी के उत्थान को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

विजय सांपला ने कहा कि सरकार का ध्यान एससी समुदाय के वित्तीय सशक्तिकरण पर भी है। उनमें से कई उद्यमी बन सकते हैं और बैंकों द्वारा सही ऋण सहायता हासिल करके नौकरी की तलाश करने के बजाय दूसरों को रोजगार देना शुरू कर सकते हैं।

इससे पहले मंगलवार की समीक्षा बैठक के बाद वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, सीतारमण ने बैंकों से कहा है कि वे कम संख्या में शेष बैकलॉग रिक्तियों को समयबद्ध तरीके से भरें और एससी वर्ग वित्तीय सहायता देने के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर स्वरोजगार से जोड़ने की कोशिश करें। यहां यह भी जानना जरूरी है कि एससी वर्ग से आने वाले लोगों का बैंकों और वित्तीय संस्थानों के योगदान लगभग 18 प्रतिशत है।

बैंकों को 1 अक्टूबर से आउटसोर्स की जा रही नौकरियों के लिए विशेष रूप से सफाई कर्मचारी जैसे पदों का डिजिटल रिकॉर्ड बनाने के लिए भी निर्देशित किया गया है। डीएफएस को 2 अक्टूबर से अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित सभी लंबित शिकायतों के निवारण के लिए एक विशेष अभियान शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

# वोटों की खातिर सपा भी अन्य दलों की तरह खुद को अंबेढकरवादी बताने का ढोंग कर रही है: मायावती



लखनऊ, 29 सितम्बर (एजेन्सी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर छद्म अंबेडकरवादी' होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वोटों की खातिर सपा भी अन्य दलों की तरह खुद को अंबेढकरवादी बताने का ढोंग कर रही है।

मायावती ने गुरुवार को सपा पर तंज कसते हुए कहा, समाजवादी पार्टी द्वारा अपने चाल, चरित्र, चेहरा को 'अम्बेडकरवादी' दिखाने का प्रयास वैसा ही ढोंग, नाटक व छलावा है जैसा कि वोटों के स्वार्थ की ख़ातिर अन्य पार्टियाँ भी अक्सर यहाँ ऐसा करती रहती हैं। इनका दलित व पिछड़ा वर्ग प्रेम मुँह में राम बग़ल में छुरी को ही चरितार्थ करता है।''

गौरतलब है सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन खुद को अंबेडकरवादी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार पर अंबेडकरवादियों को निशाना बना रही है। मायावती ने सपा को अंबेडकर एवं बहुजन विरोधी बताया। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने ट्वीट कर कहा, वास्तव में परमपूज्य डा. भीमराव अम्बेडकर के संवैधानिक व मानवतावादी आदर्शों को पूरा करके देश के करोड़ों गरीबों, दलितों, पिछड़ों, उपेक्षितों आदि का हित, कल्याण व उत्थान करने वाली कोई भी पार्टी व सरकार नहीं है और सपा का तो पूरा इतिहास ही डा. अम्बेडकर व बहुजन विरोधी रहा है।''

एक अन्य ट्वीट में उन्होंने सपा के अंबेडकर प्रेम पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा, सपा शासनकाल में बाबा साहेब डा अम्बेडकर के अनुयाइयों की घोर उपेक्षा हुई व उनपर अन्याय-अत्याचार होते रहे। महापुरुषों की स्मृति में बीएसपी सरकार द्वारा स्थापित नए जिले, विश्वविद्यालय, भव्य पाकर् आदि के नाम भी जातिवादी द्वेष के कारण बदल दिए गए। क्या यही है सपा का डा अम्बेडकर प्रेम?''

# भोपाल में कांग्रेसियों के साथ कमलनाथ बैठे सड़क पर

भोपाल, 29 सितम्बर (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के धार जिले में कारम बांध रिसाव मामले को लेकर कांग्रेस विधायक पांची लाल मेड़ा ने आदिवासी न्याय यात्रा निकाली और वे राजधानी भोपाल पहुंचे तो उन्हें लालघाटी पर रोक दिया गया।

इस यात्रा का स्वागत करने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ भी इन आदिवासियों और कांग्रेस नेताओं के साथ सड़क पर बैठ गए। बाद में काफी हंगामा हुआ और पुलिस से कांग्रेस नेताओं की धक्का-मुक्की भी हुई।

ज्ञात हो कि धार जिले में लगभग 300 करोड़ की लागत से कारम बांध बनाया जा रहा है। इस बांध में बारिश के दौरान रिसाव हुआ और बड़ी संख्या में फसल और गांव प्रभावित हुए बांध निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस विधायक पांची लाल मेड़ा ने धार जिले से भोपाल की राजभवन तक की आदिवासी नया यात्रा शुरू की। यह यात्रा गुरुवार को भोपाल में लालघाटी से जब प्रवेश कर रही थी तो पुलिस ने उसे रोक दिया। इस यात्रा का स्वागत करने कमलनाथ मौके पर पहुंचे। इस मौके पर कमलनाथ ने प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर कोसा।

आदिवासी न्याय यात्रा को लालघाटी पर रोके जाने पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और सभी नेता जिसमें कमलनाथ भी शामिल थे सड़क पर बैठ गए। कमलनाथ कुछ देर वहां रुके और उसके बाद चले आए। वहां कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई।

इस मौके पर कमलनाथ ने आदिवासियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कांग्रेस का पूरा समर्थन आपके साथ हैं, आपकी इस लड़ाई को कांग्रेस हर मोर्चे पर लड़ेगी। हमने विधानसभा के सत्र में भी इस मामले को उठाने की व सरकार से इस पर



जवाब मांगने की पुरजोर कोशिश की लेकिन सरकार कारम डैम के भ्रष्टाचार और प्रभावितों को न्याय के मामले में कोई चर्चा नहीं करना चाहती थी, इसलिए हमारी बात को अनसुना किया गया।

पांची लाल मेड़ा के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की चर्चा करते हुए कमल नाथ ने कहा, विधायक पाची लाल मेड़ा के साथ दुर्व्यवहार किया गया। कांग्रेस इस मामले पर चुप नहीं बैठेगी। जब तक कारम डैम में हुए भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा नहीं मिल जाती, जब तक प्रभावित व पीड़ित परिवारों को उचित राहत व मुआवजा नहीं मिल जाता है, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

आदिवासी न्याय यात्रा को रोके जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा, कांग्रेस विधायक साथी पांचीलाल द्वारा निकाली जा रही 'आदिवासी न्याय यात्रा' को भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस ने लालघाटी चौराहे पर बेरीगेट लगाकर रोक दिया गया है, शिवराज जी आदिवासियों, किसानों एवं छात्रों से इतनी नफरत क्यों करते हैं, जब यह अपना हक मांगते हैं तो पुलिस को आगे कर देते हैं।

डियर साप्ताहिक लॉटरी
उत्तर 24 परगना निवासी ने
₹ 1 करोड़ जीते



उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल के श्री उत्पल बावली ने 25.08.2022 को सम्पन्न हुए डियर साप्ताहिक लॉटरी के ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के तौर पर रु. 1 करोड़ जीते हैं। उनकी विजेता टिकट का नम्बर 41C 39091 है। उन्होंने कोलकाता स्थित नागालैंड स्टेट लॉटरीज के नोडल अधिकारी के पास प्राइज़ क्लेम फॉर्म के साथ अपनी पुरस्कार विजेता टिकट जमा कर दी है। "डियर लॉटरी हमारे आस-पड़ोस के साथ ही पूरे पश्चिम बंगाल राज्य में काफी सारे लोगों को करोड़पति बना कर उन्हें पुरस्कृत कर रही है। महज एक छोटी रकम के साथ ही हर एक साधारण महिला एवं पुलिस करोड़पति बन रहे हैं। यह विशाल पुरस्कार राशि हमारा जीवन स्तर ऊंचा करेगी तथा हमें संपूर्ण आर्थिक मदद भी प्रदान करेगी।" विजेता ने कहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक : सत्येन्द्र नाथ सिंह एवं मुद्रक: नूतन वर्मा द्वारा प्राइम प्रिंटर्स, प्रिमुला कॉटेज, चर्च रोड, गंगटोक से मुद्रित एवं रतना निवास, मेट्रो प्वाइंट, नेशनल हाईवे 10, गंगटोक (पूर्व सिक्किम) से प्रकाशित।
सम्पादक - सत्येन्द्र नाथ सिंह, कार्यकारी सम्पादक - अश्विनी आनंद, मोबाइल नं. : 9474355832, 9609024017, फोन नं. : 03592-204174, पोस्टल रजि. सं. : WB/SKM/110/07-09, e-mail ID : anugamini@gmail.com